www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित


**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.c
27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 92.955g
चांदी 91.500 kg


सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live



2 हौसले की उड़ान, कांग्रेस की तकदीर गोहिल बदल पाएंगे या नहीं?

दो पक्षों के बीच पथराव 04



वर्ष :08 | अंक :291 | मुंबई ,रविवार ,13 अप्रैल, 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए


**संक्षिप्त समाचार**

## ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

उत्तर प्रदेश में बलिया रेलवे स्टेशन के काजीपुरा रेलवे क्रॉसिंग के समीप शनिवार दोपहर साबरमती एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी की मौत हो गई।पुलिस ने यह जानकारी दी। राजकीय रेलवे पुलिस के अनुसार, बलिया-छपरा रेल प्रखंड पर स्थित काजीपुरा रेलवे क्रॉसिंग के समीप ट्रेन की चपेट में आने से त्रिवेणी राय (79) की मौत हो गई। उसने बताया कि त्रिवेणी राय शहर कोतवाली क्षेत्र के जापलिनगंज के निवासी थे।वह किसी काम से घर से निकले थे। राय काजीपुरा रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय साबरमती एक्सप्रेस की चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई।

## तेज धूल भरी आंधी के कारण मधु विहार में दीवार गिरने से एक की मौत, 2 घायल

राष्ट्रीय राजधानी में आए धूल भरे तूफान के दौरान दिल्ली के मधु विहार थाने के पास एक निमार्णाधीन इमारत की दीवार गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, धूल भरे तूफान के दौरान निमार्णाधीन छह मंज़िला इमारत की दीवार गिर गई। पूर्वी दिल्ली के एडीसीपी 1 विनीत कुमार ने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, धूल भरी आंधी के कारण निमार्णाधीन छह मंजिला इमारत की दीवार गिर गई। विनीत कुमार, एडीसीपी 1 पूर्वी दिल्ली ने मामले पर अधिक जानकारी साझा करते हुए कहा, शाम करीब 7 बजे हमें एक पीसीआर कॉल मिली...जब हम मौके पर पहुंचे, तो हमें पता चला कि 6 मंजिला इमारत का निर्माण कार्य चल रहा था और इमारत की एक दीवार गिर गई है।एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो घायल हो गए...घायलों को अस्पताल ले जाया गया है...धूल भरी आंधी के दौरान दीवार गिर गई। दिल्ली में तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई धूल भरी आंधी और शहर में मध्यम बारिश के बाद मौसम केंद्रों पर तापमान में तेज गिरावट देखी गई। मौसम कार्यालय ने बताया कि पालम में तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई और सफदरजंग मौसम केंद्र पर धूल भरी आंधी के कारण पारा 7 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। आईएमडी ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और लोगों को घर के अंदर रहने, खिड़कियों और दरवाजों को सुरक्षित रखने और अन्य चीजों के अलावा अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल) के एक प्रवक्ता ने बताया कि शाम के समय धूल भरी आंधी और छिटपुट बारिश के कारण उत्तरी दिल्ली के कुछ हिस्सों में स्थानीय स्तर पर बिजली आपूर्ति बाधित हुई

# शिवाजी महाराज महाराष्ट्र तक सीमित नहीं, उनकी एकता की विरासत देश के लिए प्रेरणा

### रायगढ़ किले में बोले अमित शाह

**पुण्यतिथि**

शाह के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार के अलावा भाजपा नेता और शिवाजी के वंशज उदयनराजे भोसले भी थे। छत्रपति शिवाजी महाराज का अप्रैल 1680 में स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण रायगढ़ किले में निधन हो गया था।

**सीएम ने किया स्वागत**

बता दें कि गृह मंत्री अमित शाह आज 12 अप्रैल को रायगढ़ जिले के दौरे पर हैं. आज छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि है. इसलिए अमित शाह ने किला रायगढ़द्वार जाकर शिवराणा की पूजा की. इससे पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, केंद्रीय मंत्री मुरलीधर मोहोल आदि ने अमित शाह का स्वागत किया.



अमित शाह ने राजमाता जीजा बाई और छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, मैं राजमाता जीजा बाई को नमन करता हूं. उन्होंने न केवल शिवाजी महाराज को जन्म दिया बल्कि स्वराज्य का विचार भी दिया. शिवराणा ने स्वराज्य, स्वधर्म के लिए अपना जीवन खपा दिया. आदिलशाही, निजामशाही यानी महाराष्ट्र की स्थिति को बदलने का काम छत्रपति शिवाजी महाराज ने किया. छत्रपति शिवाजी महाराज देश और दुनिया के लिए प्रेरणा हैं.

एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को मराठा योद्धा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज की 345वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रायगढ़ किले में जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी यह यात्रा शिवाजी महाराज की समाधि के जीर्णोद्धार के शताब्दी समारोह के अवसर पर भी हुई। शाह के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार के अलावा भाजपा नेता और शिवाजी के वंशज उदयनराजे भोसले भी थे। छत्रपति शिवाजी महाराज का अप्रैल 1680 में स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण रायगढ़ किले में निधन हो गया था।शाह ने कहा कि न किस्मत उनके साथ थी, न अतीत उनके साथ था, न धन था, न सेना थी। एक बालक ने अपने अदम्य साहस और दृढ़ निश्चय से पूरे देश को स्वराज का मंत्र दिया। देखते ही देखते उसने 200 साल पुरानी मुगल हुकूमत को चकनाचूर कर दिया और देश को आजाद करा दिया। उन्होंने कहा कि आज आजादी के 75 साल बाद हम दुनिया के सामने सिर ऊंचा करके खड़े हैं। हमारा संकल्प है कि जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे, तब हमारा भारत दुनिया में नंबर 1 होगा, शिवाजी ने अपना मूल सपना रखा था। शाह ने दावा किया कि शिवाजी महाराज की विरासत सिर्फ महाराष्ट्र तक सीमित नहीं है, बल्कि देश और दुनिया को उनके आदर्शों की जरूरत है।शाह का यह दौरा राज्य में बढ़ते राजनीतिक तनाव की पृष्ठभूमि में हो रहा है, जिसमें औरंगजेब और शिवाजी महाराज जैसे ऐतिहासिक व्यक्तियों की विरासत को लेकर बहस तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्री रायगढ़ और नासिक जिलों के लिए संरक्षक मंत्रियों की विवादास्पद नियुक्ति के संबंध में महायुति गठबंधन के नेताओं के साथ महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने पुष्टि की कि शाह राज्य एनसीपी अध्यक्ष सुनील तटकरे से दोपहर के भोजन के लिए अपने आवास पर मुलाकात करेंगे, उनके साथ सीएम फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी होंगे। पवार ने संवाददाताओं से कहा, बैठक के दौरान रायगढ़ और नासिक के लिए संरक्षक मंत्री का मुद्दा उठने की उम्मीद है।

# वक्फ कानून को लेकर मुर्शिदाबाद में हिंसा,3 की मौत इंटरनेट बंद, 15 पुलिसकर्मी घायल

### 120 से अधिक लोग गिरफ्तार,पुलिस प्रशासन का कहना है कि, स्थिति नियंत्रण में है

पुलिस अधिकारी के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंसा के सिलसिले में सुती से लगभग 70 लोगों और समसेरगंज से 41 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि हिंसा प्रभावित इलाकों में शनिवार सुबह भी स्थिति तनावपूर्ण बनी रही, हालांकि कोई नई घटना नहीं हुई।

एजेंसी



मुर्शिदाबादः पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के कई इलाकों में शुक्रवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ. हिंसक प्रदर्शन के दौरान तीन लोगों के मारे जाने की खबर है. वहीं, सुती, समसेरगंज में एक सरकारी वाहन सहित कई अन्य गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया.आरोप है कि, पुलिस पर बम फेंके गए और गोलीबारी हुई. वहीं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि, हिंसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने यह भी कहा कि, राज्य में वक्फ कानून लागू नहीं किया जाएगा.वक्फ कानून को लेकर पश्चिम बंगाल में हिंसा दूसरी तरफ प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि, प्रदर्शन के दौरान तीन लोगों को गोली लग गई. घायलों में से एक को शुक्रवार रात कोलकाता रेफर कर दिया गया. दूसरी तरफ शनिवार को जलंगी बीडीओ कार्यालय में बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की गई.

प्रदर्शनकारियों ने अजीमगंज रेलवे स्टेशन पर एक सिग्नल कंट्रोल रूम को भारी नुकसान पहुंचाया. कथित तौर पर कार्यालय के जनरेटर में आग लगा दी गई. दूसरी तरफ पुलिस का दावा है कि मुर्शिदाबाद में अब स्थिति सामान्य है. हालांकि, पुलिस के इस दावे की सच्चाई पर आग से तबाह हुए शमशेरगंज ने सवाल खड़े कर दिए हैं।

**वक्फ कानून केंद्र ने बनाया..बात उनसे कीजिए**

कोलकाताः पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि, राज्य में वक्फ (संशोधन) अधिनियम लागू नहीं किया जाएगा. राज्य में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच सीएम ममता ने यह ऐलान कर दिया. उन्होंने साफ तौर पर कहा कि, यह कानून केंद्र ने बनाया है और इसका जवाब भी मोदी सरकार से मांगा जाना चाहिए. शुक्रवार को नए कानून के विरोध में मालदा, मुर्शिदाबाद, दक्षिण 24 परगना और हुगली जिलों में हिंसा के दौरान पुलिस वैन सहित कई वाहनों को आग लगा दी गई.

# सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति के लिए विधेयकों पर निर्णय लेने की समय सीमा तय की

### सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि राष्ट्रपति के पास भी पूर्ण वीटो का अधिकार नहीं है.

सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए राष्ट्रपति को तीन महीने की अवधि तय कर दी. यह फैसला तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि से जुड़े एक मामले के संबंध में आया. अदालत ने तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि की इस कार्रवाई को अवैध और गलत घोषित किया.

एजेंसी



नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों के संबंध में बड़ा फैसला सुनाया है. शीर्ष अदालत ने इस संबंध में राष्ट्रपति को फैसला लेने के लिए तीन महीने की समय सीमा तय कर दी है. हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस अवधि से अधिक देरी होने पर उचित कारण बताए जाने चाहिए और संबंधित राज्य को इसकी जानकारी दी जानी चाहिए.राज्यपाल आर एन रवि द्वारा 10 विधेयकों को नवंबर 2023 में राष्ट्रपति के विचार के लिए भेजा गया जबकि राज्य विधानसभा उन पर पहले ही पुनर्विचार कर चुकी थी. न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि राज्यपाल के पास किसी विधेयक पर 'पूर्ण वीटो' का प्रयोग करने का अधिकार नहीं है, 'हमें कोई कारण नहीं दिखता कि यही मानक अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति पर भी लागू क्यों नहीं होगा.'पीठ ने अपने 415 पन्नों के फैसले में कहा, 'राष्ट्रपति इस डिफॉल्ट नियम का अपवाद नहीं है जो हमारे पूरे संविधान में व्याप्त है।

# 'दिल्ली एक बार फिर शिक्षा माफिया के चंगुल में फंस गई है'

### निजी स्कूलों की फीस बढ़ोतरी पर भड़के केजरीवाल

आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के मंत्रियों को दिल्ली में हो रहे हालात का कोई अंदाजा नहीं है।

एजेंसी

नई दिल्ली , दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि हाल ही में कई निजी स्कूलों में कथित फीस वृद्धि के बाद राष्ट्रीय राजधानी में शिक्षा प्रणाली पूरी तरह से भाजपा सरकार के तहत माफियाओं के चंगुल में फंस गई है। हाल ही में फीस वृद्धि को लेकर स्कूलों में हो रहे विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली के लोग फिर से पूरी तरह शिक्षा माफिया की जकड़ में है। शिक्षा माफिया की इतनी हिम्मत कैसे हो गई कि हमारे बच्चों के साथ बदसलूकी करें? क्योंकि नेता और मंत्री इनकी जेब में हैं, जैसे हमारी सरकार के पहले होते थे। इस बीच, आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के मंत्रियों को दिल्ली में हो रहे हालात का कोई अंदाजा नहीं है। उन्होंने कहा, अभिभावक निजी स्कूलों के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं और भाजपा के मंत्री 'सरकारी स्कूल-सरकारी स्कूल' का खेल खेलने में व्यस्त हैं। उन्हें समस्या वाली जगह जाकर उसका समाधान करना चाहिए। लेकिन वे निजी स्कूल मालिकों से डरे हुए हैं। सौरभ भारद्वाज ने आगे कहा कि भाजपा सरकार जनता के गुस्से के प्रति असंवेदनशील है।इससे पहले दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने सोमवार को कहा कि मनमाने ढंग से शुल्क (फीस) बढ़ाने वाले निजी विद्यालयों के खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई करेगी।



# धूलभरी आंधी के चलते दिल्ली एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी

### 350 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले, कई के रूट बदले; कई घंटे तक फंसे रहे पैसेंजर्स

एजेंसी

नई दिल्ली , दिल्ली में शुक्रवार देर शाम चली धूलभरी आंधी की वजह से इंदिरा गांधी इंटरनेशल एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स ऑपरेशन में देरी हुई। ये हालात शनिवार सुबह 7 बजे तक बने रहे।फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट मुताबिक, दोपहर तक 350 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले हुई हैं।इनके ऑपरेशन में औसत देरी 40 मिनट से ज्यादा थी। कई फ्लाइट्स के रूट भी बदले गए।फ्लाइट ऑपरेशन प्रभावित होने के चलते एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में यात्री जमा हो गए और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यात्रियों को लंबा इंतजार और बार-बार चेकिंग जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ा।दिल्ली एयरपोर्ट अथॉरिटी ने पोस्ट में कहा- हमारी ऑन-ग्राउंड टीमें और सभी हितधारक यात्रियों की किसी भी असुविधा को कम करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।



# लहरी तलवारें, खूब हुई नारेबाजी आगरा में करणी सेना का तांडव

आगरा में करणी सेना के रक्त स्वाभिमान सम्मेलन में भारी हंगामा हुआ. राणा सांगा पर सपा सांसद रामजीलाल सुमन के बयान से नाराज कार्यकताओं ने पुलिस के सामने तलवारें लहराई. भीड़ के आक्रोश से कानून व्यवस्था बिगड़ी। प्रशासन फिलहाल अलर्ट पर है.

### पुलिस को चुनौती- सपा सांसद के घर जाएंगे

एजेंसी



उत्तर प्रदेश के आगरा में शनिवार को करणी सेना द्वारा आयोजित रक्त स्वाभिमान सम्मेलन भारी हंगामे की भेंट चढ़ गया. यह सम्मेलन राणा सांगा की जयंती के अवसर पर आगरा के कुबेरपुर मैदान में आयोजित किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में करणी सेना के कार्यकर्ता शामिल हुए. आयोजकों ने पहले ही दावा किया था कि इस कार्यक्रम में तीन लाख से अधिक लोग जुटेंगे.कार्यक्रम के दौरान उस वक्त माहौल बिगड़ गया जब पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस को देखकर कार्यकर्ता भड़क गए और समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी. कुछ कार्यकताओं ने तो पुलिस के सामने ही तलवारें और डंडे लहराए, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई. भीड़ के आक्रोश को देखते हुए पुलिस को पीछे हटना पड़ा. मौके पर एडिशनल कमिश्नर समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

**रामजीलाल सुमन के बयान पर मचा है घमासान**

इस पूरे विवाद की जड़ है समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन का एक बयान, जिसमें उन्होंने संसद में राणा सांगा को ह्यगद्दारह्न कहा था. उन्होंने कहा था कि राणा सांगा के बुलावे पर ही बाबर भारत आया था और उसने इब्राहिम लोदी को हराया.ह्वइस बयान से करणी सेना के सदस्य भड़क उठे.

# सुखबीर बादल चौथी बार बने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष

### बोले- पार्टी की सेवा में जान भी कुर्बान कर दूंगा

अमृतसर के तेजा सिंह समुंद्री हॉल में आयोजित शिरोमणि अकाली दल के जनरल डेलीगेट सेशन में सुखबीर सिंह बादल को पार्टी अध्यक्ष चुना गया.

एजेंसी



अमृतसरः पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल को चौथी बार शिरोमणि अकाली दल का अध्यक्ष चुना गया है. सुखबीर बादल के अध्यक्ष बनने की घोषणा के साथ ही तेजा सिंह समुंद्री हॉल में जयकारों के बीच सभी नेताओं ने उनका स्वागत किया.अकाली दल के कार्यकारी अध्यक्ष बलविंदर सिंह भूंदड और गुलजार सिंह रणिके ने अध्यक्ष पद के लिए सुखबीर सिंह बादल का नाम प्रस्तावित किया, जिस पर सभी की राय ली गई और सभी अकाली नेताओं ने सुखबीर सिंह बादल के नाम पर सहमति जताई और सुखबीर सिंह बादल को फिर से शिरोमणि अकाली दल का अध्यक्ष चुना गया.

### अध्यक्ष के अन्नामलाई बोले- डीएमके को उखाड़ फेंकेंगे

# तमिलनाडु बीजेपी के नए अध्यक्ष बने नैनार नागेंद्रन

एजेंसी



पूर्व राज्य इकाई अध्यक्ष के अन्नामलाई ने उन्हें बधाई दी। तिरुनेलवेली से तीन बार विधायक रह चुके नागेंद्रन पर अगले साल होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों में पार्टी का मार्गदर्शन करने की जिम्मेदारी होगी।

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नैनार नागेंद्रन को आधिकारिक तौर पर पार्टी की तमिलनाडु इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति भाजपा द्वारा अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के तहत एआईएडीएमके के साथ नए सिरे से गठबंधन की घोषणा करने के एक दिन बाद की गई है।

नागेंद्रन शुक्रवार को राज्य भाजपा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र व्यक्ति थे, जिन्होंने शीर्ष पद पर के अन्नामलाई की जगह ली। पूर्व राज्य इकाई अध्यक्ष के अन्नामलाई ने उन्हें बधाई दी। तिरुनेलवेली से तीन बार विधायक रह चुके नागेंद्रन पर अगले साल होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों में पार्टी का मार्गदर्शन करने की जिम्मेदारी होगी। के अन्नामलाई ने कहा कि हम अपना लक्ष्य और रास्ता जानते हैं, हम आगामी चुनाव 2026 में सबसे मजबूत एनडीए गठबंधन के साथ तमिलनाडु से डीएमके को उखाड़ फेंकेंगे। राज्य भाजपा उपाध्यक्ष नारायणन तिरुपति ने कहा कि नैनार नागेंद्रन एक बहुमुखी व्यक्ति हैं। वे राजनीतिक संस्कृति के धनी हैं।

हम बहुत खुश हैं। कार्यकर्ता बहुत खुश हैं। सभी लोग खुशी के मूड में हैं। और यह 2026 के चुनावों की राह है। उनकी अध्यक्षता में, हमें उम्मीद है कि भाजपा अपनी ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। उन्होंने आगे कहा कि हम बहुत बड़े आत्मविश्वास के साथ मार्च 2026 में जा रहे हैं, एक तरफ अन्नामलाई और दूसरी तरफ नैनार नागेंद्रन हमारा नेतृत्व करेंगे। डीएमके अपने शासन में बुरी तरह विफल रही है... हम यह सुनिश्चित करेंगे कि 2026 में ऊटङ को घर भेजा जाए। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा, हमारा एकमात्र उद्देश्य है कि एनडीए गठबंधन सत्ता में आए। हम तमिलनाडु में भ्रष्ट डीएमके परिवार के शासन को हराएंगे। अभिनेत्री और भाजपा नेता नमिता ने कहा कि यह (भाजपा-एआईएडीएमके) गठबंधन पहले से ही सुपरहिट है, क्योंकि जिस क्षण हमने एआईएडीएमके से हाथ मिलाया, पूरे राज्य में उत्साह और जोश का माहौल बन गया। इसलिए मुझे लगता है कि यह सुपरहिट होने जा रहा है। 2026 हमारा है, हम जीतने जा रहे हैं। एएमएमके (अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम) के महासचिव टीटीवी दिनाकरन ने कहा, हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत करने के लिए संसदीय चुनाव में शामिल हुए हैं।

# बंगाल हिंसा की हो एनआईए जांच, शुभेंदु अधिकारी ने लिया साजिश का पदार्फाश करने का संकल्प



मुर्शिदाबाद के धुलियान रेलवे स्टेशन पर बड़े पैमाने पर हिंसा हुई, जब भीड़ ने रिले रूम में तोड़फोड़ की और बाहर रेलवे कर्मचारियों के वाहनों को जला दिया। कर्मचारी अपनी जान बचाने के लिए भाग गए, जिसके बाद पूर्वी रेलवे को ट्रेनों का मार्ग बदलना पड़ा और उन्हें रद्द करना पड़ा।

एजेंसी

बंगाल के मुर्शिदाबाद के कुछ हिस्सों में नए वक्फ अधिनियम को लेकर हुई हिंसा के एक दिन बाद, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने शनिवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर क्षेत्र में रेलवे स्टेशनों पर तोड़फोड़ की कई घटनाओं के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जांच कराने की मांग की। अधिकारी ने लिखा, इस तरह के कदम से पर्दे के पीछे से साजिश रचने वाले मास्टरमाइंड के असली चेहरे को उजागर करने, अपराधियों और भविष्य की घटनाओं की पहचान करने में मदद मिलेगी। मुर्शिदाबाद के धुलियान रेलवे स्टेशन पर बड़े पैमाने पर हिंसा हुई, जब भीड़ ने रिले रूम में तोड़फोड़ की और बाहर रेलवे कर्मचारियों के वाहनों को जला दिया। कर्मचारी अपनी जान बचाने के लिए भाग गए,

जिसके बाद पूर्वी रेलवे को ट्रेनों का मार्ग बदलना पड़ा और उन्हें रद्द करना पड़ा। वक्फ विरोधी प्रदर्शनों के बाद जिले में हुई हिंसा की हालिया घटनाओं के बारे में जानकारी देते हुए अधिकारी ने अपने पत्र में कहा कि रेलवे स्टेशन जैसे सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर की गई तोड़फोड़ की ऐसी घटनाएं न केवल आवश्यक सेवा को बाधित करती हैं, बल्कि राष्ट्र के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करती हैं।

## सम्पादकीय

# आतंक से लड़ाई, राजनीतिक दलों में बयानबाजी शुरू

कांग्रेस को यह आभास होता तो बेहतर कि उसने एक ऐसे मुद्दे को छेड़ दिया जिस पर वही कठघरे में खड़ी दिखेगी। यह एक तथ्य है कि मनमोहन सरकार के समय देश में आतंकी हमलों की झड़ी लग गई थी। मुंबई हमले के दौरान ही यह साफ हो गया था कि आतंकी पाकिस्तान से आए हैं और उन्हें वहीं से निर्देशित किया जा रहा है ।यह अच्छा है कि अमेरिका से भारत लाए गए मुंबई हमले के गुनहगार तहव्वुर हुसैन राणा की सुनवाई में तारीख पर तारीख का सिलसिला कायम नहीं होगा। इसका कारण यह है कि उसका मामला भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत सुना जाएगा, जिसमें मुकदमे के त्वरित निपटारे के विशेष उपाय किए गए हैं। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ऐसा ही हो, क्योंकि अपने देश में खूंखार आतंकियों को सजा देने में भी अनावश्यक देर हो जाती है। अब जब सारे देश की नजरें इस पर हैं कि राणा को कब, क्या सजा मिलती है, तब यह ठीक नहीं कि उसके प्रत्यर्पण को लेकर राजनीतिक दलों में अनावश्यक बयानबाजी शुरू हो गई है ।कांग्रेस को अचानक याद आ गया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी का गठन मनमोहन सरकार के समय हुआ था और उसके प्रयासों के चलते ही राणा को भारत लाया जाना संभव हो सका। उसके नेता यह बताने के साथ ही यह भी इंगित करने की कोशिश कर रहे हैं कि मोदी सरकार ने राणा को भारत लाने के लिए कुछ विशेष नहीं किया। हैरानी नहीं कि इसके जवाब में उसे भाजपा से यह सुनने को मिल रहा है कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार ने आतंकवाद के प्रति ढुलमुल रवैया अपना रखा था। अच्छा होता कि इस मामले में दलगत राजनीति का परिचय देने से बचा जाता और सभी दल एक स्वर में आतंकवाद से लड़ने के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करते ।कांग्रेस को यह आभास होता तो बेहतर कि उसने एक ऐसे मुद्दे को छेड़ दिया, जिस पर वही कठघरे में खड़ी दिखेगी। यह एक तथ्य है कि मनमोहन सरकार के समय देश में आतंकी हमलों की झड़ी लग गई थी। मुंबई हमले के दौरान ही यह साफ हो गया था कि आतंकी पाकिस्तान से आए हैं और उन्हें वहीं से निर्देशित किया जा रहा है, लेकिन भारत सरकार ने उसके खिलाफ वैसी कोई कार्रवाई नहीं की, जैसी अपेक्षित ही नहीं आवश्यक थी ।इसकी पुष्टि तब भी हुई थी, जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपनी पुस्तक में लिखा कि भारतीय प्रधानमंत्री पाकिस्तान के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करना चाहते थे। पाकिस्तान प्रेरित और प्रायोजित आतंकवाद के प्रति संप्रग सरकार के नरम रवैये से तब भारत की छवि एक ऐसे देश की बन गई थी, जो आतंक से लड़ने को तैयार नहीं। इस छवि ने भारत का नुकसान तो किया ही, पाकिस्तान का दुस्साहस भी बढ़ाया।

## आज का विचार

हर स्वार्थी आदमी इस गलतफहमी मे रहता है कि उसकी चालाकी कोई नही समझता

भारत संवाद



## राशिफल

**मेष राशिः** आपके लिए कुल मिलाकर अनुकूल रहेगा. आप अपने बच्चे की प्रगति और व्यवहार से आनंदित होंगे. यदि किसी से कोई विवाद है तो उसे समय रहते सुलझाने का प्रयास करें. अगर आपने अपने प्रेम का इजहार नहीं किया है तो संभव है कि कल अपना हाले दिल प्रेमी को सुनाएंगे.

**वृषभ राशिः** अपने कल अपने व्यक्तित्व को निखारने की कोशिश करेंगे. व्यस्तता के बीच आप अपने लिए समय निकालेंगे. प्रेम संबंध में नजदीकियां बनी रहेंगी. व्यवसाय में कार्य प्रणाली को बेहतर बनाएं और सहकर्मियों से तालमेल बनाकर ?खें इससे काम में गति बनी रहेगी.

**मिथुन राशि :** आपके लिए दिन अनुकूल साबित होगा. आप किसी असहाय और जरूरतमंद व्यक्ति की मदद कर सकते हैं. प्रेमी युगल एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे और अपनी लव लाइफ के बारे में आगे की प्लानिंग करेंगे.

**कर्क राशि :** आपके लिए ग्रहों की स्थिति अनुकूल बनी हुई है. आपको जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे. कुछ ऐसी चीजें भी कल होने वाली हैं जो आपके लिए यादगाह बनकर रहेगी. आपक कल यात्रा संबंधी प्लान कर सकते हैं. वैवाहिक जीवन में आपके बीच बेहतर तालमेल बना रहेगा.

**सिंह राशि :** दिन आपके लिए सुखद और उन्नतिदायक रहेगा. जरूरतमंद लोगों की मदद करने में सफल रहेंगे. लंबे समय के बाद किसी पुराने घनिष्ठ मित्र से मुलाकात हो सकेगी. कल आपको अपनी आमदनी बढ़ाने के कुछ अच्छे मौके भी मिल सकते हैं. आपका रुका हुआ पैसा भी आपको मिल सकता है

**कन्या राशि :** आपके लिए विशेष रूप से फलदायी रहेगा. मोबाइल और ईमेल से शुभ समाचार मिलने की संभावना है. आप कल जीवन के हर पल का लुत्फ उठाने का प्रयास करेंगे और कुछ रोमांचक प्लान कर सकते हैं.

**तुला राशिः** भाग्य का सितारा थोड़ा कमजोर रहेगा इसलिए अपनी मेहनत और लगन से आपको काम पर फोकस करना होगा.

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि के लिए कल का दिन बेहतर रहेगा. लेकिन आपको अपनी निजता में दखल देने वाले किसी भी व्यक्ति से दूरी बनाकर रखनी होगी. आपको कल अपने पारिवारिक जीवन मे जीवनसाथी के साथ यात्रा अथवा शॉपिंग के लिए जाना पड़ सकता है और कुछ अनचाहे खर्च भी जीवनसाथी की खुशी के लिए करना होगा.

**धनु राशि :** आपको कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल होने वाली हैं. विवादित मामलों में सफलता मिलने की संभावना है. अपनी बात दूसरों के सामने रखने की पूरी कोशिश करेंगे और आपका काम सफलतापूर्वक पूरा हो पाएगा. परिवार और बच्चों के साथ समय बिताने से आपके आपसी रिश्ते मजबूत होंगे.

**मकर राशि :** आपके पक्ष में रहेगा. आपके सभी काम आपकी इच्छानुसार पूरे होंगे. सफलता से खुशी और मानसिक शांति प्राप्त होगी. प्रतियोगिताओं कल आपका प्रदर्शन बेहतर होगा. कल आप अपने जीवनसाथी के साथ सुखद पलों का आनंद लेंगे.

**कुंभ राशि :** आपके लिए शुभ लाभदायक रहेगा. राशि स्वामी शनि की कृपा का आप लाभ ले पाएंगे. आपको किसी उलझन और परेशानी से निकलने में घर के बड़े सहयोग करेंगे. यदि आप किसी रिश्ते में हैं, तो आपको अपने साथी के करीब रहने और उनके साथ अधिक से अधिक समय बिताने की चाहत रहेगी लेकिन कुछ उलझनों की वजह से आपकी यह चाहत अधूरी रह सकती है

**मीन राशिः** मीन राशि के जातकों के लिए कल का दिन मिलाजुला रहेगा. आपको अपनी जिद के कारण परेशान होना पड़ सकता है. विवाह संबंधी बात चल रही है तो कल इस विषय में बात आगे बढेगी. प्रेम संबंधों के मामले में आप भाग्यशाली रहेंगे,

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# हौसले की उड़ान, कांग्रेस की तकदीर गोहिल बदल पाएंगे या नहीं?

> बहरहाल इस नजीर से गुजरात में कांग्रेस की तकदीर गोहिल बदल पाएंगे या नहीं यह तो 2027 में ही पता चलेगा। चौबे का चौकाबिहार की राजनीति में भाजपा नेता अश्विनी चौबे अपने उल्टे-पुल्टे बयानों के लिए जाने जाते हैं। नीतीश कुमार की लाइन से अलग चलने वाले बाबा ने जब भी मुंह खोला है-हलचल ही मचाई है। इस बार उन्होंने नीतीश कुमार को उप प्रधानमंत्री बनाने की मांग की है।

राजनीतिक पार्टियां अपने अधिवेशन के मंथन से वर्तमान तथा भविष्य की जरूरतों-चुनौतियों का कुछ न कुछ रास्ता निकालने की कोशिश करती हैं। अधिकांश राज्यों में सियासी वनवास झेल रही मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस साबरमती तट पर इस हफ्ते हुए अपने अधिवेशन में यही कोशिश करती दिखी ।इस मंथन से निकला सियासी अमृत पार्टी को कितनी संजीवनी देगा यह तो वक्त बताएगा मगर गुजरात में लंबे अर्से से प्रभावी नेता रणनीतिकार की उसकी खोज शक्ति सिंह गोहिल के रूप में पूरी होती दिखी। भाजपा के इस सबसे मजबूत गढ़ में तीन दशक से सत्ता से कांग्रेस के बाहर होने के बावजूद अधिवेशन का प्रभावी तरीके से आयोजन करने के गोहिल के प्रबंधन ने हाईकमान को भी हैरान कर दिया ।शायद तभी शिकायत रहित इस आयोजन की खुली प्रशंसा में हाईकमान ने भी कंजूसी नहीं दिखाई। लगातार छह विधानसभा चुनाव की पराजय की पृष्ठभूमि के बावजूद अधिवेशन में गुजरात कांग्रेस के कार्यकताओं के हौसलों की उड़ान तथा लड़ने के जज्बे ने यूपी, बिहार, दिल्ली तथा मध्यप्रदेश जैसे राज्यों के नेता भी हतप्रभ नजर आए। ऐसे कुछ नेता यह कहते सुने गए कि



दो चुनावों की हार ने ही हमारे उत्साह को छीन लिया मगर इतनी शिकस्तों के बाद भी गुजरात में कार्यकताओं का ऐसा हौसला दूसरों राज्यों के कांग्रेसियों के लिए नजीर है ।बहरहाल इस नजीर से गुजरात में कांग्रेस की तकदीर गोहिल बदल पाएंगे या नहीं यह तो 2027 में ही पता चलेगा। चौबे का चौकाबिहार की राजनीति में भाजपा नेता अश्विनी चौबे अपने उल्टे-पुल्टे बयानों के लिए जाने जाते हैं। नीतीश कुमार की लाइन से अलग चलने वाले बाबा ने जब भी मुंह खोला है-हलचल ही मचाई है। इस बार उन्होंने नीतीश कुमार को उप प्रधानमंत्री बनाने की मांग की है, जिसके बाद से बिहार में बवाल मचा हुआ है। लोग इसका सीधा अर्थ लगा रहे हैं कि बाबा ने नीतीश की तारीफ की है, लेकिन खबर है कि भाजपा के लोग परेशान हैं कि बाबा के ऐसा बोलने से नीतीश के समर्थक भड़क सकते हैं। इसलिए बाबा के बयान को तुरंत निजी विचार बताने में देर नहीं की गई ।नीतीश के समर्थकों को साधे रखने का इसे सीधा प्रयास माना जा रहा है, लेकिन अंदर की खबर है कि भाजपा के एक गुट का मानना है कि लोकसभा चुनाव में बेटिकट होने से बाबा बेहद खफा हैं। इसकी भरपाई वह विधानसभा चुनाव में अपने पुत्र को भाजपा से टिकट दिलाकर करना चाहते हैं। किन्तु दिक्कत यह है कि डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी से बाबा का रिश्ता छत्तीस का है। इसलिए बाबा सारे विकल्पों को खुला रखना चाहते हैं ।बेटर लक नेक्स टाइमकई बार आप कोई सामान खरीदते हैं उसके पैकेट पर लिखा होता है कि इसके अंदर एक कार्ड मिलेगा जिसे स्क्रेच करने से ईनाम मिलेगा लेकिन जब आप पैकेट खोल कर कार्ड स्क्रेच करते हैं तो उसमें ईनाम नहीं निकलता बल्कि लिखा होता है बेटर लक नेक्स टाइम। मार्केटिंग की यह रणनीति कई बार वकीलों पर भी लागू होती है ।हाल ही में अदालत में एक वकील साहब बहस कर रहे थे मगर कोर्ट उनकी दलीलों से सहमत नहीं था। तभी वकील साहब ने सहानुभूति लेने के लिए कहा सुप्रीम कोर्ट में उनका यह पहला केस है। बस छूटते ही कोर्ट ने कहा पहली ही बार में इतना कमजोर केस लेकर यहां आए। प्रौढ़ उम्र में प्रवेश कर चुके वकील साहब से यह भी पूछ लिया कि वकालत में इतनी देर से क्यों आए। वकील ने कहा कि वे दूसरी नौकरी में थे ।बहरहाल कोर्ट ने प्रौढ़ावस्था में नए वकील बनने पर पहले उन्हें शुभकामनाएं दी और अंत में केस खारिज कर दिया और बेचारे वकील साहब बेटर लक नेक्स टाइम का अहसास लिए अदालत से लौट गए ।ब्रेच्कग से पहले सब्र करो न्यूज़ चैनल ब्रेच्कग के चक्कर में इतने उतावले रहते हैं कि सही-गलत को समझे-परखे बिना न्यूज को फ्लैश कर देते हैं। 26/11 के मास्टरमाइंड आतंकी तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाने के दौरान भी कुछ ऐसा ही हुआ। असल में टेलीविजन चैनल राणा के आगमन से कई घंटे पहले ही एयरपोर्ट पहुंच गए थे ।उन्हें यह भी पता था कि राणा को आम पब्लिक वाले गेट से बाहर नहीं लाया जाएगा, सो न्यूज चैनल वाले उन गेट पर अपनी नजर गड़ाए हुए थे जिनसे वीआइपी आते-जाते हैं। राणा के आने से करीब घंटा भर पहले सेना के एक शीर्षस्थ अधिकारी का आगमन हुआ जिस वजह से वीआइपी गेट पर हलचल हो गई। इस हलचल को देख न्यूज चैनल वाले आव न देखा ताव, चैनल पर ब्रेच्कग खबर चल गई कि राणा को भारत लाया गया ।इससे पहले एक बड़े कैबिनेट मंत्री के एयरपोर्ट से बाहर निकलने की हलचल को चैनलों ने राणा के आने की ब्रेच्कग न्यूज फ्लैश कर दी। मगर दोनों ही बार इस उतालेवन को वापस उल्टे चबाते हुए वापस लेना पड़ा। तभी महकमे से जुड़े कुछ लोगों ने कहा अरे भाई ब्रेकिंग से पहले जरा सब्र कर पहचान तो कर लो।

# टूटती उम्मीदें, बिखरते युवा

विजय गर्ग



विश्व के कुछ सर्वेक्षणों में कहा गया है कि भारत क युवा देश है, मगर यहां पर लोगों को काम की आदत नहीं है। लगभग आधी जनसंख्या देश के सकल घरेलू उत्पादन में कोई योगदान नहीं देती। इसमें बुजुर्ग शामिल हैं, तो वे महिलाएं भी, जो घर और बाहर दोनों जगह मोर्चा संभाल रही हैं। अफसोस कि उन्हें अपने ही खेतों या घरों में काम करने पर कोई भुगतान नहीं किया जाता। देश की आधी जनसंख्या कार्ययोग्य है, लेकिन उसे सही ढंग से काम नहीं मिलता। यह सचमुच निराशाजनक है कि इस देश में रोजगार : की कोई गारंटी नहीं। अलबत्ता, भूख से न मरने देने की गारंटी अवश्य है। अपने से सत्तारूढ़ होने की इच्छा रखने वाली राजनीतिक पार्टियां प्रायः उनकी अनुकंपा से सत्ता की थाल जाती रहती हैं। सीमा से निकल कर और प्रवासी बन कर अपनी जिंदगी संवारने के सपने ह। वहीं युवा पीढ़ी, देश की देखती है। जबकि अब अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सत्तारूढ़ होने के बाद नौजवानों का विदेशी धरती पर जाना और स्थायी नागरिकता पाना कठिन हो गया है। वहां जो गए, अब उन्हें अवैध प्रवासी बता कर बैरंग लौटाया जा रहा है। डिग्रीधारी नौजवानों के सामने किस कदर चुनौती है, इसे समझा जा सकता है ।अभी कृत्रिम मेधा और इंटरनेट शक्ति का बोलबाला है। देश डिजिटल और स्वचालित हो रहा है, लेकिन विद्यालयों में इसके अनुरूप न तो पाठ्यक्रम बदलते हैं और न ही प्रशिक्षित और प्रवीण अध्यापक रखे गए हैं। इसलिए युवा पीढ़ी को अपनी डिग्रियां अप्रासंगिक लगने लगी हैं। इन डिग्रियों से वे इस समय कोई अच्छी नौकरी नहीं पा सकते। नतीजा, वे पराजित और अवसादग्रस्त महसूस कर रहे हैं। कुछ समय बाद वे खुद को नशे के दलदल बाद व खुद का में पाते हैं। हैं। इससे वे बाहर नहीं निकलते, क्योंकि उन्हें कोई विकल्प नजर नहीं आता। आंकड़े भी बताते हैं कि देश में आत्महत्या के मामले बढ़े हैं। इनमें किसान हैं, तो नौजवान भी, जिन्हें मेहनत करने पर भी बेहतर जिंदगी नहीं मिलती। नतीजतन, वे नशे की कंदराओं में चले जाते हैं। हर राज्य में नशे के सौदागरों और तस्करों ने अपने साम्राज्य खड़े कर लिए हैं। हर तालाब में बड़ी मछली से प्रेरित छोटी मछलियां उनका हुक्म बजा रही हैं ।पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के अनुसार हम इस देश की युवा शक्ति को जिंदा लाश नहीं बनने दे सकते। अभी हाल यह है कि चाहे हरियाणा हो या हिमाचल, राजस्थान हो या दिल्ली या फिर पंजाब, सब जगह बड़ी संख्या में नौजवान नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। ड्रोन की सहायता से घुसपैठ कर नशीले पदार्थों के पैकेट गिराए और पहुंचाए जाते हैं। हैरत की बात है कि जेलों में बंद माफिया और तस्कर भी इस अवैध व्यापार में शामिल हैं। मगर सब आंखें मूंदे हुए हैं। आखिर इस नशेबाजी बढ़ावा दे के पीछे कौन लोग हैं? इस सांठगांठ में शामिल काली भेड़ें प्रशासनिक और राजनीतिक व्यवस्था में सरेआम विचरती हैं। मगर चौकसी करने वालों को ये दिखाई नहीं देतीं। इस तरह नशे का कारोबार लगातार फलता-फूलता है और नौजवान नशे के एक शिखर से दूसरे शिखर तक छलांग लगाते हुए अपने आप को मौत के हवाले कर देता है।

पिछले दिनों पंजाब में नशे के विरुद्ध महाअभियान चलाने का प्रण लिया गया। पुलिस बल जगह-जगह लगातार छापे मार रहे हैं ।इस छापामारी में न केवल करोड़ों के नशीले पदार्थ बरामद हुए, बल्कि कई बड़े तस्कर भी पकड़े गए। इस अभियान को एक महीना हो चुका है ।अब तक इस नशा-विरोधी अभियान में, जिसे शुरू में इसे 'आपरेशन सील' नाम दिया गया, इस दौरान 2384 प्राथमिकियां दर्ज की गई। अभियान के तहत 4142 तस्कर गिरफ्तार किए गए और 146.3 किलो हेरोइन जब्त हुई। इसके साथ अफीम, चूरा पोस्त और नशीली गोलियां आदि पकड़ी गई। पंजाब पुलिस तस्करों की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर कार्रवाई कर रही है। पहले पंजाब के कुछ सांसदों ने इस कार्रवाई पर सवाल किया था, लेकिन बाद में इसका समर्थन कर दिया। इस कार्रवाई के बाद और नशे को जड़ से उखाड़ने का संकल्प करने जो भी तस्कर पकड़े जाते हैं, उनमें से दंडित होने वालों की के बावजूद, संख्या बहुत कम है। इसलिए अब कानून का अनुपालन तेजी से करना होगा, , ताकि समाज को बर्बाद करने वाले तस्करों को जल्दी सजा मिले। इससे दूसरों को भी सबक मिलेगा।

अभी नशे के सौदागरों के जो अड्डे सामने आए हैं, उनमें से कुछ तो स्कूलों में भी पाए गए। यह बात नहीं कि हरियाणा या हिमाचल में नशीले पदार्थों की वजह से बबार्दी कम हो रही है, अभी हरियाणा के मुख्यमंत्री ने भी नशे के विरुद्ध एक कार्यक्रम का आयोजन किया था। हिमाचल में चौंकाने वाली बात यह है कि वहां कुछ इलाकों में जो तस्कर गिरफ्तार किए गए उनमें से नब्बे फीसद नशे का धंधा कर रहे थे। । प्रतिदिन सीमा पार से तस्करी करने वाले गिरोह के भंडाफोड़ होते हैं। केवल पंजाब में नहीं, बल्कि राजस्थान की सीमा तक से। इसको चाहे सभी राज्य एक चुनौती के रूप में स्वीकार कर रहे हैं, लेकिन पंजाब ने तो इसे अपने ने प्रमुख एजेंडे में रखा है। ।कोई दो मत नहीं कि पूरी तरह नशा उन्मूलन कर दिया जाए, तो पंजाब के नौजवान अपनी शक्ति का सही इस्तेमाल कर सकेंगे। जब नशा-विरोधी मुहिम का हम मूल्यांकन करते हैं, तो पा हैं कि इस मुहिम में जिन्हें बड़ी मछलियां कहा जाता है, उन पर पर तो ही नहीं डाला जाता। इसके अलावा पंजाब और राजस्थान जैसे इलाकों में अवैध शराब निकालने का धंधा भी बड़े जोर-शोर से किया जाता है। भारत इस समय एक बड़ी शक्ति बन चुका है। हम कृत्रिम मेधाके विकास और डिजिटल बनने में किसी से कम नहीं। पश्चिमी देशों से भी बहुत पीछे नहीं। इसके अतिरिक्त हमारा अंतरिक्ष खोज अभियान भी बड़ी कामयाबी के साथ चल रहा है। हमने । हमने इन अभियानों को किफायत के साथ संपन्न करने और चंद्रयान-3 द्वारा चांद के दक्षिणी भाग उतारने में सफलता प्राप्त कर ली है, लेकिन सवाल कि नौजवानों की नई खेप इन अनुसंधानों में शामिल होती नजर क्यों नहीं आती? नशे के इस्तेमाल ने उनके दिमागों को जैसे कुंद कर दिया है। जब शिक्षा संबंधी सर्वेक्षण ये बताएं कि आठवीं और दसवीं का छात्र दूसरी कक्षा का गुणा- भाग भी नहीं कर सकता और अंग्रेजी की पूर्ण वर्णमाला भी नहीं बता सकता, तो हम इस शिक्षा के स्तर की क्या बात करें? इसका बड़ा कारण यह है कि स्कूलों तक नशा पहुंच चुका है। इसको जड़ से उखाड़ने के लिए न केवल प्रशासन को आगे आना होगा

# आंतंकवाद टेक्नालॉजी की सहायता से ज्यादा खरनाक और कविता

संजीव ठाकुर

वैसे तो उग्रवाद, आतंकवाद और अतिवाद हमेशा से आंतंकवाद टेक्नालॉजी की सहायता से ज्यादा खरनाक। अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए खतरा बने हुए हैं पहले यह आतंकवादी हाथों में बंदूक, ग्रेनेटो, रॉकेट लांचर लेकर विभिन्न देशों में तोड़फोड़ आगजनी और हत्या की घटनाएं किया करते थे अब समय के परिवर्तन के साथ साथ आतंकवाद में अब इंटरनेट, मीडिया, सोशल मीडिया ने अपने पैर फैलाना शुरू किए हैं आतंकवाद के नेटवर्क के लिए इंटरनेट तथा हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का आसानी से उपयोग करने लगे हैं अमेरिका में जो ट्विन टावर और पेंटागन में हमले हुए थे, उसमें आधुनिकतम टेक्नोलॉजी का उपयोग कर लक्ष्य भेदी विमानों को को भेजा गया था और एक बड़ी विध्वंसकारी घटना को अंजाम दिया गया था। समय और तकनीकी शिक्षा के बढ़ने के साथ-साथ अब उग्रवादी तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर बड़े इंजीनियर तथा सॉफ्टवेयर इंजीनियर इस मैदान में आतंकवादियों के साथ टूट पड़े हैं। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स बड़े ही खतरनाक ढंग से सोशल मीडिया और इंटरनेट का इस्तेमाल कर जनता को दिग्भ्रमित कर झूठी अफवाहें फैलाकर कई देशों के सूचना तंत्र में सेंध लगाकर वहां की सूचनाएं प्राप्त कर अपने उग्रवादी साथियों को भेज कर खुफिया सूचनाएं भेजते हैं। आतंकवादी गतिविधियों के लिए यह सूचनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। और देशों की शांति के लिए बहुत बड़ा खतरा भी होती हैं। भारत के परिपेक्ष में भारत में बाहर के टेक्निकल शिक्षा प्राप्त किए आतंकवादी जिन्हे व्हाइट कॉलर आतंकवादी भी कहा जाता है। खुफिया तंत्र के हिसाब से यह तकनीकी स्लीपर सेल्स शांति के लिए अन्य आतंकवादियों से ज्यादा खतरनाक होते हैं। क्योंकि इनकी पहचान नहीं हो पाती है। ये छुपे हुए होते हैं। इनका पता लगाना अन्य आतंकवादियों से ज्यादा कठिन होता है और केवल तकनीकी जानकारी के आधार पर ही संभव हो पाता है। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स इसलिए भी ज्यादा विनाशकारी होते हैं, क्योंकि यह दूर ठिकानों में बैठकर मीडिया, सोशल मीडिया, इंटरनेट के जरिए युवाओं को उकसा कर, भड़का कर सांप्रदायिक दंगे कराने में सफल हो जाते हैं। या सोशल मीडिया में झूठी तथा गलत खबरों के जरिए युवाओं को प्रभावित कर सकते हैं। निसंदेह ये अज्ञात होते हैं। लेकिन समूची युवा पीढ़ी को मानसिक रूप से प्रभावित कर उनके विकास की दिशा बदल सकते हैं। ऐसे में सारी खुफिया एजेंसियां हाथ पर हाथ धरे बैठ रह जाती हैं। भारत के परिपेक्ष्य में जम्मू कश्मीर, मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स के लिए एक सॉफ्ट टारगेट होते हैं। यह अपनी तकनीकी ज्ञान के चलते सोशल मीडिया में नाम बदलकर, रूप बदलकर, युवाओं को आम जनता को गलत जानकारी देकर दिग्भ्रमित करते रहते हैं, एवं दंगे भड़काने का काम भी करते हैं। मूलतः ये टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स सफेदपोश होते हैं। एवं आम लोगों के बीच घुल मिल जाते हैं। ऐसे में इनका पता लगाना इन्हें खोजना अत्यंत कठिन हो जाता है। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स देश के सामरिक महत्व की जानकारी अपने उग्रवादी संगठनों को प्रदान करते हैं। इन जानकारियों का आतंकवादी संगठन उग्रवाद के लिए बेहद खतरनाक ढंग से किसी भी देश के खिलाफ कर सकते हैं। भारतीय संदर्भ में यदि जम्मू कश्मीर को लिया जाए तो अब वहां आतंकवादियों ने अपना युद्ध का तरीका बदल दिया है। युद्ध का मैदान नया है, जहां पारंपरिक अथवा हथियारों, सकरी गलियों और जंगली युद्ध के मैदानों के स्थान पर कंप्यूटर, सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और स्मार्टफोन ने ले लिया है। जिसके फलस्वरूप यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल अपने अपने घरों में बैठकर सड़कों, मैदानों तथा जंगल में युद्ध छेड़ सकते हैं।

# लाडली इफेक्ट...महाराष्ट्र में कर्मचारियों को नहीं मिली पूरी सैलरी, निशाने पर आए DCM अजित पवार

- सरनाईक बोले, आगे सात तारीख को आ जाएगी सैलरी



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र में लाडली बहन योजना के लाभार्थियों को कब 2100 रुपये मिलेंगे? इस सवाल को महाविकास आघाड़ी के घटक दल जहां कई बार उठा चुके हैं तो वहीं दूसरी तरफ राज्य में महाराष्ट्र स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन के वेतन में देरी पर सरकार के अंदर ही नाराजगी सामने आ रही है। राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा है कि अजीत पवार पर सीधा हमला बोलते हुए उन पर एसटी कर्मचारियों की पगार रोकने का गंभीर आरोप लगाया। MSRTC में 87 हजार कर्मचारी हैं। कर्मचारियों को 9 अप्रैल को मार्च महीने का वेतन मिला था। इसमें उन्हें सिर्फ 56 फीसदी सैलरी मिली है। एमएसआरटीसी प्रतिदिन राजस्व संग्रह लगभग 28 करोड़ रुपये है। इसमें 40% विभिन्न रियायतों के भुगतान में चला जाता है। शेष राशि का अधिकांश हिस्सा ईंधन और बसों के रखरखाव पर खर्च होती है।

## वित्त विभाग की जिम्मेदारी है

मंत्री सरनाईक ने कहा अन्य सरकारी कर्मचारियों की तर्ज पर एसटी कर्मचारियों को भी समय पर वेतन देना वित्त विभाग की जिम्मेदारी है। हम अजीत से भीख नहीं मांग रहे हैं लेकिन वित्त विभाग के अधिकारी परिवहन विभाग की फाइलें वित्त मंत्री तक पहुंचने ही नहीं देते हैं। सरनाईक के उग्र तेवर देखने के बाद वित्त विभाग एसटी कर्मचारियों के बकाया वेतन के भुगतान के लिए 120 करोड़ रुपयेए के त्वरित भुगतान को तैयार हो गया है।

# 'शिवाजी महाराज कभी उन्हें आशीर्वाद नहीं देंगे'...

## अमित शाह के रायगढ़ दौरे पर संजय राउत का तंज

- संजय राउत ने अमित शाह के दौरे पर सवाल उठाए हैं
- राणा के प्रत्यर्पण को लेकर बीजेपी पर बरसे राउत
- महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था पर गंभीर चिंता जताई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः देश के गृहमंत्री अमित शाह 12 अप्रैल को रायगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरे को लेकर शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज उन्हें आशीर्वाद नहीं देंगे। राउत ने महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था और तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर भी अपनी बात रखी। उनका कहना है कि बीजेपी राणा को फांसी देने का क्रेडिट लेना चाहती है और चुनावों में इसका फायदा उठाना चाहती है। अमित शाह के रायगढ़ दौरे पर टिप्पणीसंजय राउत ने मीडिया से बात करते हुए अमित शाह के रायगढ़ दौरे पर टिप्पणी की। राउत ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज उन्हें (अमित शाह) कभी आशीर्वाद नहीं देंगे। इन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज के अखंड महाराष्ट्र को तोड़ने का सपना देखा। मुंबई को लूटना चाहा और छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रेरणा से बनी शिवसेना को तोड़ने की कोशिश की। उन्हें छत्रपति के चरणों में स्थान नहीं मिलेगा।

### महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए

राउत ने महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अमित शाह यहां कानून व्यवस्था देखने आ रहे हैं। राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था बिल्कुल भी नहीं बची है। उन्होंने देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें याद नहीं है कि वे महाराष्ट्र के गृहमंत्री हैं।

राउत ने कहा कि मुंबई, नागपुर और महाराष्ट्र के हर कोने में महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोज बलात्कार, हत्या और अपहरण की घटनाएं हो रही हैं लेकिन देवेंद्र फडणवीस राजनीति करने में व्यस्त हैं।

### बीजेपी करना चाहती है राणा फेस्टिवल

तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर राउत ने कहा कि आतंकवादी को अमेरिका से लाना अच्छी बात है। लेकिन बीजेपी को समझना चाहिए कि राणा को भारत में मुकदमा चलाकर फांसी देने के लिए लाया गया है। न कि क्रेडिट लेने के लिए। राउत ने कहा कि बीजेपी राणा फेस्टिवल करना चाहती है और यह बताना चाहती है कि यह सब उनकी वजह से हुआ है। उन्होंने कहा कि यह देश की सुरक्षा का मामला है और बीजेपी को इसका क्रेडिट नहीं लेना चाहिए। राउत ने कटाक्ष करते हुए कहा कि बीजेपी को पुलवामा और कुलभूषण जाधव जैसे मामलों का भी क्रेडिट लेना चाहिए। राउत ने आशंका जताई कि बीजेपी बिहार या पश्चिम बंगाल के चुनावों से पहले राणा को फांसी दे देगी और पूरे देश में राणा फेस्टिवल मनाएगी। उन्होंने कहा कि यह बीजेपी की योजना है।

फास्ट ट्रैक

# नवी मुंबई में देह व्यापार कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

वरिष्ठ निरीक्षक पृथ्वीराज घोरपड़े ने बताया कि पुलिस ने एक फर्जी ग्राहक के जरिए गिरोह का भंडाफोड़ किया और लॉज के प्रबंधक तथा दो अन्य कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई पुलिस ने एक लॉज पर छापा मारकर एक देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अपराध शाखा के मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ (एएचटीसी) ने बृहस्पतिवार को पनवेल के कोन के नारपोली इलाके में स्थित परिसर पर छापा मारा। उन्होंने बताया कि तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया तथा छह महिलाओं को वहां से मुक्त कराया गया। वरिष्ठ निरीक्षक पृथ्वीराज घोरपड़े ने बताया कि पुलिस ने एक फर्जी ग्राहक के जरिए गिरोह का भंडाफोड़ किया और लॉज के प्रबंधक तथा दो अन्य कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि अवैध गतिविधि में शामिल चौथे आरोपी का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। अधिकारी ने कहा कि अनैतिक तस्करी रोकथाम (पीआईटीए) अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में पनवेल तालुका थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# डीजे से रामनवमी पर मां की गाली...वीडियो वायरल होने पर एक्शन में मुंबई पुलिस, आयोजकों पर शिकंजा, से हटेंगे वीडियो

- मुंबई में रामनवमी पर 'मां की गाली वाले गाने' पर एक्शन
- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद शुरू की कार्रवाई
- पुलिस ने आयोजकों-डीजे संचालक को भेजा नोटिस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबईः मुंबई मे राम नवमी पर अश्लील गाना बजाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। रामनवमी के अवसर पर एयरपोर्ट रोड मेट्रो स्टेशन से होते हुए मरोल नाका के पास से गुजरी रैली उस समय विवादों में आ गई जब इस कार्यक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया और कार्रवाई शुरू की। इस वीडियो के एक अंश को पोस्ट करके आप नेता और राज्य सभा सांसद संजय सिंह महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधा था। सिंह ने लिखा था कि क्या हिंदू धर्म ऐसा है? आयोजक-डीजे संचालक तलबमुंबई की सहार पुलिस के अनुसार 8 अप्रैल को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296 और 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। अधिकारियों ने कहा कि रैली के दौरान सार्वजनिक स्थान पर अश्लील भाषा का इस्तेमाल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाता है, जो कानून का उल्लंघन है। एफआईआर के बाद पुलिस ने रैली आयोजकों और डीजे संचालक समेत तीन लोगों को पूछताछ और आगे की जांच के लिए नोटिस जारी किया है। पुलिस ने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' से संपर्क कर किसी भी सांप्रदायिक तनाव को रोकने के लिए वीडियो हटाने का अनुरोध किया है।

### आयोजकों पर कड़ी कार्रवाई संभव

अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए कदम उठाए जा रहे हैं। आयोजकों को भविष्य के कार्यक्रमों में दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने की चेतावनी दी गई है। सहार पुलिस मामले की गंभीरता से जांच जारी रखे हुए है और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। राम नवमी पर अंधेरी पूर्व के मरोल नाका इलाके रैली निकाली गई थी। यह मरोल नाका के पास से एयरपोर्ट रोड मेट्रो स्टेशन से होते हुए गुजरी थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। पुलिस का कहना है जांच में अगर आयोजक दोषी पाए जाते हैं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कन्डॉम, तंबाबू के पैकेट, नक्कल डस्टर्स, चाकू, नासिक के स्कूल में छात्रों के बैग से मिले सामान कर देंगे दंग

- स्कूल बैग की जांच में मिले चाकू और तंबाकू के पैकेट
- स्कूल समिति बच्चों को बुरी आदतों से दूर रखने के लिए सक्रिय
- अभिभावकों को बच्चों के बैग की जांच करने की सलाह

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नासिक : महाराष्ट्र के नासिक में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। इगतपुरी तालुका के घोटी गांव में एक प्राइवेट स्कूल है। स्कूल में अचानक बच्चों के बैग की जांच की गई। जांच में कुछ ऐसी चीजें मिलीं, जिसने स्कूल प्रिंसिपल लेकर मैनेजमेंट और टीचर्स को हैरान कर दिया। स्कूल के बैग में चाकू, मुक्का मारने वाले हथियार, तंबाकू के पैकेट, खाली कंडोम के पैकेट और डिब्बे मिले। इसके साथ ही स्टील या एल्यूमीनियम से बने गहने भी मिले। स्कूल प्रशासन ने ये सब चीजें जब्त कर लीं। स्कूल ने बच्चों के माता-पिता को इस बारे में बताया। बच्चों को समय-समय पर समझाया भी गया। गांव की स्कूल समिति के प्रमुख मनोज जाधव ने कहा, 'हम यह देखने के लिए जांच करते हैं कि बच्चे क्या कर रहे हैं। अगर बच्चों के पास ऐसी चीजें मिलती हैं जो उनके पास नहीं होनी चाहिए, तो हम माता-पिता को बताते हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि बच्चे स्कूल में गलत व्यवहार न करें। इसलिए हमने ये चीजें जब्त कीं।'

### स्कूल कमिति करती है स्कूल बैग की जांच

स्कूल समिति में गांव के लोग और स्कूल के अधिकारी शामिल हैं। यह समिति कक्षा शककक से तक के बच्चों के बैग की जांच करती है। समिति माता-पिता को भी जानकारी देती है। जाधव ने बताया कि समिति दानदाताओं की मदद से छात्रों को किताबें, यूनिफॉर्म और दूसरी चीजें भी देती है।

### 2022 से शुरू हुआ सिलसिला

एक अभिभावक, शंकर गावित ने बताया कि 2022 में मेरे पड़ोसी के बच्चे के बैग में 300 रुपये मिले थे। स्कूल समिति ने बच्चे के पिता को बुलाया। पिता ने बच्चे से बात की और मामला सुलझा लिया। तब से मैंने भी अपने बच्चों के बैग की जांच शुरू कर दी। इस पहल का मकसद उन बच्चों को सही रास्ता दिखाना है जो गलत संगत में पड़ सकते हैं। स्कूल और माता-पिता मिलकर बच्चों को बुरी आदतों से बचाते हैं। जाधव ने माना कि कुछ बच्चे बिना पकड़े गए शरारतें करते रहते हैं।

### स्कूल में नाई बुलाकर काटते है बच्चों के बाल भी

जाधव ने आगे बताया कि हाल ही में हमने एक और अभियान चलाया। इसमें हमने उन छात्रों को पकड़ा जिनके बाल अजीब तरह से कटे हुए थे। हमने स्कूल में एक नाई को बुलाया। उसने सभी चुने हुए छात्रों को अच्छे बाल काटे। यह सब माता-पिता की जानकारी में किया गया।

# मुंबईकरों के लिए गुड न्यूज, मेट्रो, लोकल ट्रेन, बसों के लिए जल्द ही लॉन्च होगा स्मार्ट कार्ड

- मुंबई में 'मुंबई 1' स्मार्ट कार्ड का आगाज जल्द, सभी ट्रांसपोर्ट में उपयोगी
- 238 नई एयर कंडीशन वाली लोकल ट्रेनों की मंजूरी, यात्रियों के लिए राहत
- गोंदिया-बल्हारशाह रेलवे लाइन से पूर्वी महाराष्ट्र की कनेक्टिविटी में सुधार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक बड़ी घोषणा की। यह घोषणा मुंबई और आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए है। अब मुंबई में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए एक ही स्मार्ट कार्ड 'मुंबई 1' शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्ड से मेट्रो, मोनो रेल, लोकल ट्रेन और बसों में आसानी से यात्रा की जा सकेगी। फडणवीस ने कहा कि कार्ड का डिजाइन एक महीने में तय हो जाएगा।238 नई एसी ट्रेनें मंजूररेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि महाराष्ट्र में 1.73 लाख करोड़ रुपये के इंफ्रास्ट्रक्चर का काम चल रहा है। इसके अलावा इस साल 23,778 करोड़ रुपये की नई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। मुंबई की लोकल ट्रेनों के लिए 238 नई एयर कंडीशन वाली ट्रेनें भी मंजूर की गई हैं। इनका निर्माण जल्द ही शुरू होगा। वैष्णव ने मुंबई में हो रहे निवेश के बारे में बताते हुए कहा कि अकेले मुंबई में 17,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं चल रही हैं। इससे शहर का रेलवे सिस्टम बहुत आधुनिक हो जाएगा।गोंदिया-बल्हारशाह रेलवे लाइन को मंजूरफडणवीस ने यह भी बताया कि पूर्वी महाराष्ट्र में गोंदिया-बल्हारशाह रेलवे लाइन को मंजूरी मिल गई है। इस परियोजना से विदर्भ, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी। केंद्र सरकार इसमें 4,019 करोड़ रुपये का योगदान देगी। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ने छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट ट्रेन शुरू करने की भी घोषणा की।

**पश्चिम रेलवे**

ओएचई के सिंगल स्पैन ओवरलैप को थ्री स्पैन ओवरलैप में बदलना

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (उप), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल **ई-निविदा संख्याः** WR-MMCTOESUB(ESOT)/11/2024 आमंत्रित करता है। **दिनांकः** 08.04.2025। **कार्य का नामः** चर्चगेट-विरार खंडः ओएचई के सिंगल स्पैन ओवरलैप को थ्री स्पैन ओवरलैप में बदलना। **कार्य की अनुमानित लागतः** 9,71,70,438/-। **बोली सुरक्षाः** 6,35,900/- **जमा करने की तिथि और समयः** 06.05.2025, को 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समयः** 06.05.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाए

0031

facebook.com/WesternRly

# जाट समाज में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नई मुंबई सीवुड स्थित जाट समाज के हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हनुमान मंदिर में समाज के अध्यक्ष धर्मपाल कलवानिया ने विधिवत पूजा अर्चना की। उसके पश्चात महाप्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर हनुमान जी की पूजा अर्चना करते हुए समाज के उपाध्यक्ष नंद रूप चौधरी, सचिव रामनिवास चौधरी, जाट ओम जी, चौहान जी, अमित इत्यादि भारी संख्या में जनमानस उपस्थित हुए।

# तीसरी संतान हुई तो पढ़ाई, दवाई सब फ्री, माहेश्वरी मंडल भाईंदर का बड़ा ऐलान

देशभर में माहेश्वरी समाज की घटती जनसंख्या से चिंतित होकर, भाईंदर माहेश्वरी मंडल ने एक अनूठी पहल की है। भाईंदर में माहेश्वरी परिवार में तीसरी संतान के जन्म पर मंडल 5 लाख रुपये का फिक्स डिपॉजिट, 10 लाख का जीवन बीमा और 5 लाख रुपये की स्वास्थ्य सहायता प्रदान करेगा।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : देशभर में माहेश्वरी समाज की घटती संख्या से चिंतित माहेश्वरी मंडल, भाईंदर ने एक बड़ी पहल की है। मंडल ने भाईंदर में माहेश्वरी परिवार में तीसरी संतान पैदा होने पर उसके लिए कई तरह की घोषणाएं की हैं। इसमें बच्चे/बच्ची के नाम पर 5 लाख रुपये का फिक्स डिपॉजिट, 10 लाख का जीवन बीमा, 5 लाख रुपये स्वास्थ्य सहायता और 18 साल तक की पढ़ाई के लिए सहयोग किया जाएगा। माहेश्वरी मंडल, भाईंदर द्वारा आयोजित सम्मान समारोह और गणगौर महोत्सव में यह घोषणा अध्यक्ष नटवर डागा ने की।भाईंदर में माहेश्वरी समाज की संख्या करीब 7,000 है। इस कार्यक्रम में अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति संदीप काबरा, महामंत्री अजय काबरा, मधुसूदन गांधी, सत्यनारायण सारड़ा, नारायण तोषनीवाल, सुरेश दरक, मदनलाल भूतड़ा, हरिप्रसाद असावा सहित अन्य उपस्थित थे।

# सुरेश वाडकर ने नियम कानून तोड़ा है, राजस्व मंत्री बावनकुले ने स्वीकार किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः जाने माने गायक सुरेश वाडकर की परेशानियां बढ़ने वाली है। राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने स्वीकार किया है कि जिस मकसद के लिए सरकार ने वाडकर को भूखंड दिया था उसका उन्होंने दुरुपयोग किया। नियम कानून तोड़ा है। इस संबंध में मुंबई उपनगर कलेक्टर ने एक रिपोर्ट दी है। उनके गैरकानून निर्माण कार्य व नियमों को रेगुलर करने का प्रस्ताव आने पर विचार किया जाएगा कि उन पर क्या कार्रवाई करनी है। दूसरी ओर कलेक्टर ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि वाडकर के गैरकानूनी काम को नियमित नहीं किया जा सकता।प्रसिद्ध गायक सुरेश वाडकर ने मई 1986 में भारतीय शास्त्रीय संगीत और कला की अकादमी स्थापित करने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख से मांग की।

## मुंबईकरों के लिए अच्छी खबर! मीठी नदी के नीचे चलेगी मेट्रो

मुंबईः मुंबईकरों के लिए अच्छी खबर है। अंडरग्राउंड मेट्रो-3 मीठी नदी के नीचे से गुजरते हुए धारावी तक पहुंच गई है। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसी) ने इस लाइन के फेज में दो स्टेशनों की तस्वीरें जारी की हैं। जो कि जल्द ही खुलने वाली हैं। दरअसल मेट्रो 3 अंडरग्राउंड लाइन वर्तमान में आरे जेवीएलआर और बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) के बीच चालू है। इस रूट का दूसरा फेज धारावी से आचार्य अत्रे चौक (वर्ली नाका) तक होगा।

**मध्य रेल**

भुसावल मंडल

ई-निविदा आमंत्रण सूचना


**निविदा सं.:- BSL-L-W-T-19-2025** 1) **कार्य का विवरण** – भुसावल में जल परिवहन प्रणाली में सुधार के लिए पुरानी क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की भारी मरम्मत के संबंध में विद्युतीकरण का कार्य। 2) **अनुमानित लागत** –रु. 39,24,717/- 3) **ऑनलाईन बिड सबमिशन का अंतिम दिनांक और समय :** 05/05/2025 को 15:00 बजे, 4) वेबसाईट विवरण : https//www.ireps.gov.in

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), भुसावल

SUN 08

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करें

**पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति का अनुबंध**



जगजीवन राम अस्पताल (जेआरएच), मुंबई सेंट्रल, मुंबई, पश्चिम रेलवे एक वर्ष के लिए जेआरएच में 'पैरामेडिकल स्टाफ' की भर्ती के अनुबंध के लिए इच्छुक पाटिर्यों से उाश पोर्टल पर प्रस्ताव आमंत्रित करता है। निविदा और उसके दस्तावेजों का विवरण GeM - सरकारी ईमार्केट प्लेस पर उपलब्ध है। इच्छुक पक्ष कृपया वेबसाइट पर ऑनलाइन अपने प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा सूचना संख्याः GEM/2025/B/6118741, **दिनांकः** 11.04.2025। **कार्य का नामः** जगजीवन राम अस्पताल में एक वर्ष के लिए 'पैरामेडिकल स्टाफ' की भर्ती का अनुबंध। **कार्य की अनुमानित लागतः** 142488231.65 (सभी शामिल)। **ईएमडीः** 862441/-। **समापन अवधिः** 12 महीने। **प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समयः** 02.05.2025, 10:00:00 तक। **खुलने की तिथि और समयः** 02.05.2025 को 10:30:00 बजे। नोटः कृपया उाश साइट (सरकारी ईमार्केट प्लेस) पर जाएँ। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ।

पश्चिमी रेलवे
wr.indianrailways.gov.in

0041

facebook.com/WesternRly • X.com/WesternRly

**मध्य रेल**

मुंबई मंडल

ई-निविदा सूचना क्रमांक NIT/01/25/17 दिनांक 09-मार्च-2025

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से. प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, मध्य रेलवे निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं:

| क्र. | निविदा क्रमांक | विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 38253797 | संशोधित फ्लैप दरवाजा व्यवस्था BOXNHL की कम ऊंचाई का रेट्रो-फिटमेंट | 1294 नग. | 28-अप्रैल-25 |
| 2. | 71255004 | हाइड्रोलिक री-रेलिंग उपकरण (एचआरई) | 01 नग. | 05-मई-25 |
| 3. | 27253239 | सस्पेंशन ट्यूब बियरिंग | 844 सेट्स | 15-मई-25 |
| 4. | 70251009 | पेंट और वार्निश फ्लैट रबर सेट | 20341 नग. | 15-अप्रैल-25 |
| 5. | 71255013B | 5 टन क्षमता की इलेक्ट्रिक ओवरहेड ट्रैवलिंग (ईओटी) क्रेन का डिजाइन, निर्माण और आपूर्ति | 02 नग. | 02-मई-25 |

नोट : उपरोक्त सभी निविदाएं ई-निविदाएं हैं और सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं और अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया IREPS वेबसाइट पर जाएं।

SUN 27

कृत प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करें

**पश्चिम रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक - प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्यिक विभाग, एनएफआर अनुभाग मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008।

कार्य - मुम्बई मंडल पर विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन का प्रदर्शन।

| नीलामी सूची क्रमांक | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-PnU-25-1 | 24.04.2025 13:00:00 |

| क्रमांक | लॉट संख्या | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PnU-BCT-ST-WRL-44-22-1 (भुगतान और उपयोग लाउंज/प्रतीक्षा विश्राम/क्लोक रूम) | मुंबई मंडल के सूरत (एसटी) स्टेशन पर 05 (पांच) वर्ष की अवधि के लिए क्लॉक रूम सेवाओं का नवीनीकरण, प्रबंधन, रखरखाव, संचालन और प्रबंधन | 1826 | 24.04.2025 13:30:00 |

| नीलामी सूची क्रमांक | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM25-4 | 24.04.2025 14:00:00 |

| क्रमांक | लॉट संख्या | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एमएसएस-बीसीटी-बीवीआई-एसटीजेन-59-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएं-स्थिर सामान्य) | बोरीवली स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं के साथ डिजिटल लाउंज / को-वर्किंग स्पेस के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए ई-नीलामी। | 1826 | 24.04.2025 14:30:00 |
| 2 | एमएसएस-बीसीटी-बीवीआई-एसटीजेन-60-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएं-स्थिर सामान्य) | मुंबई सेंट्रल (एमएमसीटी) स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं के साथ डिजिटल लाउंज / सह-कार्य स्थान के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए ई-नीलामी। | 1826 | 24.04.2025 14:40:00 |
| 3 | एमएसएस-बीसीटी-बीवीआई-एसटीजेन-57-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएं-स्थिर सामान्य) | दादर स्टेशन पर डिजिटल लाउंज / सह-कार्यशील स्थान के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए ई-नीलामी। | 1826 | 24.04.2025 14:50:00 |
| 4 | एमएसएस-बीसीटी-बीवीआई-एसटीजेन-58-25-1 (विविध-स्थिर-सेवाएं-स्थिर सामान्य) | अंधेरी (एडीएच) स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं के साथ डिजिटल लाउंज / सह-कार्यशील स्थान के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए ई-नीलामी। | 1826 | 24.04.2025 15:00:00 |

नोटः संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण वहाँ उल्लिखित सूची के अंतर्गत उपलब्ध है।

0036

facebook.com/WesternRly • X.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

मुंबई मंडल में रेल कोच रेस्तरां का प्रावधान

मुंबई सेंट्रल डिवीजन में अप्रैल 2025 के महीने के लिए वलसाड और बांद्रा टर्मिनस रेलवे स्टेशनों पर रेल कोच रेस्तरां के प्रावधान के लिए ई-नीलामी

नीलामी सूची संख्या : BCT-CTG-25-21
ई-नीलामी की तिथि : 23.04.2025

| क्रम | संख्या लॉट | स्टेशन | स्टेशन की श्रेणी |
|---|---|---|---|
| AA/1 | MSS-BCT-BDTS-RCR-18-23-1 | बांद्रा टर्मिनस | स्टेशन से उत्तरी निकास पर पार्सल कार्यालय से सटी इमारत |
| इकाई का प्रकारः रेल कोच रेस्तरां। क्षेत्रफल (वर्ग मीटर): 282 वर्ग मीटर ई-नीलामी का समयः 12:00 | | | |
| AA/2 | MSS-BCT-BL-RCR-13-24-1 | वलसाड | पश्चिम परिसंचारी क्षेत्र |
| इकाई का प्रकारः रेल कोच रेस्तरां। क्षेत्रफल (वर्ग मीटर): 305 वर्ग मीटर ई-नीलामी का समयः 12:00 | | | |

नोटः संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट के अनुसार विवरण नीचे दिए गए कैटलॉग में उपलब्ध है।

0033

facebook.com/WesternRly • X.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

मुंबई सेंट्रल डिवीजन के 'ए1, ए और बी' श्रेणी के स्टेशनों पर चाय की दुकानों का प्रावधान

मुंबई सेंट्रल डिवीजन में अप्रैल 2025 के महीने के लिए 'ए 1, ए, और बी' श्रेणी के स्टेशन पर चाय स्टॉल के लिए ई-नीलामी आयोजित की जाएगी।

सूची क्रमांक.ब्सीटीजी-25-20 — ई-नीलामी की तिथि : 22.04.2025

| क्रम | संख्या | स्टेशन | श्रेणी स्टेशन | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| AA/1 | कैटेगरी-बीसीटी-एमएमसीटी-एसएमयू-4-22-1 | मुंबई सेंट्रल | ए1 | पीएफ नंबर 1/2 |
| AA/2 | कैटग-बीसीटी-बीएल-एसएमयू-97-24-1 | वलसाड | ए | पीएफ नंबर 1 |
| AA/3 | कैटग-बीसीटी-बीएल-एसएमयू-138-24-1 | वलसाड | ए | पीएफ नंबर 2/3 |
| इकाई का प्रकारः चाय की दुकान। क्षेत्रफल (वर्ग फीट): 60 वर्ग फीट। ई-नीलामी का समयः 12:00 | | | | |

नीलामी सूची संख्या : BCT-CTG-25-21 — ई-नीलामी की तिथि : 23.04.2025

| क्रम | संख्या | स्टेशन | श्रेणी स्टेशन | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| AA/1 | कैटग-बीसीटी-एएन-एसएमयू-160-25-1 | आनंद | बी | पीएफ नं.2 |
| AA/2 | कैटग-बीसीटी-एएन-एसएमयू-161-25-1 | आनंद | बी | पीएफ नं.2 |
| इकाई का प्रकारः चाय की दुकान। क्षेत्रफल (वर्ग फीट): 60 वर्ग फीट। ई-नीलामी का समयः 12:00 | | | | |

नोटः संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण वहाँ उल्लिखित सूची के अंतर्गत उपलब्ध है।

0034

facebook.com/WesternRly • X.com/WesternRly

# अंबरनाथ में हनुमान जयंती पर मंदिरों में रही भीड़ भाड़,धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त संकटमोचक पवनसुत हनुमान जी की जयंती शनिवार 12 अप्रैल को पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाई गई। हिंदू पंचांग के चैत्र मास की पूर्णिमा को प्रतिवर्ष हनुमान जयंती का पर्व मनाया जाता है। हनुमान जयंती पर पूजन का प्रथम शुभ मुहूर्त सुबह 7-34 मिनट से सुबह 9 -12 मिनट तक था और दूसरा शुभ मुहूर्त सायंकाल 06-46 मिनट से रात्रि के 8 बजकर 8 मिनट तक था। अंबरनाथ पश्चिम के बांद्रापाडा-सुभाषवाड़ी हनुमान मंदिर में भक्तों की भारी संख्या देखी गई। मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया। इसी प्रकार खूंटवली, वुलन चॉल आयुध निमार्णी, जावसाईं, शिवाजी नगर, जांभीवली,जूना भिंडी पाड़ा सहित शहर के विभिन्न इलाकों के हनुमान मंदिरो में हर्षोल्लास के साथ हनुमान जयंती मनाई गई।जगह जगह मंदिरों में भक्तों ने प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**अंबरनाथ शहर में उत्तर भारतीयों की बहुसंख्या वाले बुआपाड़ा के श्री हनुमान मंदिर में भी हनुमान जयंती श्रद्धा विश्वास और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। हनुमान मंदिर में महंत तेज नारायणदास गुरु महंत श्यामल दास की उपस्थिति में हनुमान जयंती पर विशेष पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।मंदिर में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड का पाठ किया गया। विशेष पूजन का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने हाजिरी लगाकर हनुमान जी का आशीर्वाद ग्रहण किया।**

# रहार जनशक्ति पार्टी ने स्थानीय आमदार डॉ.बालाजी किणीकर के आवास पर देर रात धरना दिया

## शहर अध्यक्ष आलम खान के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने आमदार के आवास के बाहर ज्ञापन चस्पा किया।





भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. प्रहार जनशक्ति पार्टी ने पार्टी संस्थापक और पार्टी प्रमुख बच्चू कडू के नेतृत्व में शुक्रवार को किसानों की कर्ज माफी, दिव्यांगों को 6000 रुपए मासिक वजीफा देने की मांग आदि मांगों को लेकर संपूर्ण महाराष्ट्र में आंदोलन किया गया। इसी कड़ी में स्थानीय आमदार डॉ.बालाजी किणीकर के आवास के सामने प्रहार जनशक्ति पार्टी ने रात्रि 12 बजे मशाल जुलूस के माध्यम से विरोध प्रदर्शन किया। अंबरनाथ में प्रहार जनशक्ति पार्टी के शहर अध्यक्ष आलम खान के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं में मशाल जलाकर विरोध प्रदर्शन किया और जोरदार नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज करते हुए मांगो को पूर्ण करने की बात रखी। शहर अध्यक्ष आलम खान और कार्यकताओं ने आमदार डॉ.बालाजी किणीकर के निसर्ग ग्रीन स्थित आवास पर जोरदार आंदोलन किया और ज्ञापन के माध्यम से अपनी बात रखने की कोशिश की लेकिन आमदार डॉ.बालाजी किणीकर आवास पर उपलब्ध नहीं थे तो ज्ञापन को उनके आवास के बाहर चिपका कर अपनी बात रखी। ज्ञापन में कहा गया कि चुनाव पूर्व वादों को पूरा किया जाए।किसानों की पूर्ण कर्जमाफी की जाए। आमदार को किसानों के मुद्दे विधानसभा में उठाना चाहिए आदि मांगे रखी गई।

फास्ट ट्रैक

# पुलिस पर घर मे घुसकर मारपीट का आरोप

## पुवायां चेकिंग के दौरान दिव्यांग व्यक्ति समेत परिवार से मारपीट

शाहजहांपुर, बंडा थाना क्षेत्र के भौरखेड़ा खुर्द गांव में पुलिस की कार्रवाई को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। एक परिवार ने पुलिसकर्मियों पर घर में जबरन घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला रामदेवी ने क्षेत्राधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 9 अप्रैल को तीन सिपाही उनके घर में जबरन घुस आए। सिपाहियों ने कच्ची शराब बनाने का आरोप लगाया। महिला का कहना है कि उन्होंने सिपाहियों को घर की तलाशी लेने की अनुमति दी। तलाशी में कोई शराब या शराब बनाने के उपकरण नहीं मिले। फिर भी सिपाहियों ने उनके दिव्यांग पति मनोज कुमार और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट की। इस मामले में थाना प्रभारी सोनी शुक्ला का कहना है कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम कच्ची शराब की जांच के लिए गई थी। उन्होंने मारपीट की बात को नकारते हुए कहा कि छापेमारी में कच्ची शराब बरामद हुई थी। क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि मौके से शराब बरामद हुई है और जांच के बाद दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# युवासेना उप शहर प्रमुख ने अंबरनाथ शहर के अस्पतालों और इलाज के संबंध में मुख्याधिकारी को दिया ज्ञापन

## शिवसेना युवासेना उप शहर प्रमुख ख्वाजा युनुस चौधरी ने नपा मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ को दिया ज्ञापन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ.शिवसेना युवासेना के उपशहर प्रमुख ख्वाजा युनुस चौधरी ने शुक्रवार 11 अप्रैल को पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में इलाज के अभाव में एक गर्भवती महिला की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के संबंध में और ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना की अंबरनाथ शहर में पुनरावृत्ति न हो पाने के संदर्भ में अंबरनाथ नगरपालिका के मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड को एक लिखित ज्ञापन दिया। इस ज्ञापन में मुख्याधिकारी से अनुरोध किया गया है कि अंबरनाथ शहर के सभी निजी और शासकीय अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को तत्काल दाखिला दिया जाए। अनावश्यक रूप से रुपए लेने वाले और सिर्फ पैसों के लिए अस्पतालों में मरीजों को भर्ती नहीं करने वाले अस्पतालों के प्रति कानूनी कार्यवाही की जाए। गरीब और इलाज के लिए आए मजबूर मरीजों को आर्थिक सहायता दी जाए और ऐसा सिस्टम डेवलप किया जाए जिससे इलाज में बाधा न आए। नपा द्वारा संचालित अस्पतालों को सुविधाओं से परिपूर्ण किया जाय ताकि यहां आने वाले मरीजों का सही से इलाज हो सके।अंबरनाथ के सभी अस्पतालों में साफ सफाई और उनके ऑडिट चेक करने का प्रबंध किया जाए ताकि अस्पतालों पर नियंत्रण रखा जा सके। ज्ञापन देने वालों में ख्वाजा यूनुस चौधरी के साथ युवा सेना के शहर संघटक चंद्रकांत मोटे,सोशल मीडिया प्रमुख शुभम जाधव और अन्य शिवसैनिक उपस्थित रहे।

# भिवंडी के सांसद सुरेश गोपीनाथ महात्रे ने बदलापुर रेलवे स्टेशन में अस्थाई शेड निर्माण के लिए दिया ज्ञापन

## महाविकास आघाड़ी के प्रतिनिधियों ने स्टेशन प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन।





भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बदलापुर. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार गुट के भिवंडी लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुरेश गोपीनाथ महात्रे (बाल्या मामा) ने शुक्रवार 11 अप्रैल को मध्य रेलवे मुंबई मंडल के डिविजन रेलवे मैनेजर को पत्र के माध्यम से बदलापुर रेलवे स्टेशन में अस्थाई तौर पर शेड डालने का अनुरोध किया है। यह पत्र बदलापुर स्टेशन प्रबंधक धनश्री गौड़ को प्रदान किया गया।पत्र में कहा गया है कि दिनोदिन बढ़ते तापमान से रेलवे यात्रियों को दिन में शेड के अभाव में चिलचिलाती धूप और तपिश का सामना करना पड़ रहा है जिससे सामान्य यात्रियों के साथ साथ महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों को विशेष रूप से कष्टों का सामना करना पड़ रहा है। 44 डिग्री के तापमान में लाखों यात्रियों को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। बदलापुर रेलवे पुल के निर्माण के चलते यात्रियों को वर्तमान में कष्टों का सामना करना पड़ रहा है अतः पत्र के माध्यम से कहा गया कि तात्कालिक धूप की समस्याओं से राहत देने के लिए अस्थाई तौर पर शेड की व्यवस्था की जाए। बदलापुर रेलवे स्टेशन प्रबंधक को यह पत्र सांसद प्रतिनिधि के तौर पर राकांपा महाराष्ट्र प्रदेश महासचिव अविनाश देशमुख, बदलापुर यूबीटी पार्टी के शहर अध्यक्ष किशोर पाटिल,उप शहर अध्यक्ष प्रशांत पलांडे, महिला शहर उपाध्यक्ष श्रीमती मंगल डोलस और अन्य राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

## 101 किलो बूंदी के लड्डू के साथ निकली शोभायात्रा, बंसी वाले मंदिर में लगा भोग

शाहजहांपुर , शाहजहांपुर के तिलहर नगर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मोहल्ला दातागंज से शुरू हुई शोभायात्रा में भक्तों ने 101 किलो का विशेष बूंदी का लड्डू तैयार किया। शोभायात्रा में देव स्वरूप झांकियां सजाई गईं। यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पूर्वी क्षेत्र स्थित बंसी वाले के मंदिर पर पहुंची। यहां भगवान हनुमान को 101 किलो बूंदी के लड्डू का भोग लगाया गया।



भक्तों ने शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोतवाली पुलिस की टीम पूरे मार्ग पर तैनात रही। शोभायात्रा में मनोज गुप्ता, दीपक गुप्ता, ममतेश गुप्ता, माही वर्मा, नितिन गुप्ता और सिद्धार्थ सहित कई भक्त शामिल हुए। यह आयोजन पिछले कई वर्षों से परंपरागत रूप से किया जा रहा है। इस वर्ष भी भक्तों ने इस परंपरा को भव्य रूप से जारी रखा।

# बैंक का लोन नहीं चुकाने वाली फैक्ट्री सील

**एडीएम ने की कार्रवाई,बोले-वसूली नही कर पाने वाले अमीन पर भी होगी कार्रवाई**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, प्रशासन ने बैंक लोन की अदायगी न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। एडीएम एफआर अरविंद कुमार ने अल्हागंज में स्थित आरके इंटरप्राइजेज नाम की मूंगफली प्रोसेसिंग फैक्ट्री को सील कर दिया है। फैक्ट्री के मालिक ने एचडीएफसी बैंक की रोजा शाखा से 25 लाख 50 हजार रुपये का लोन लिया था। कई साल बीत जाने के बाद भी लोन की किश्तें नहीं चुकाई गईं। बैंक ने वसूली के लिए जिला प्रशासन से मदद मांगी थी। प्रशासन ने तहसील जलालाबाद को वसूली के लिए निर्देश दिए थे। प्रभारी संग्रह और अमीन द्वारा कई बार नोटिस भेजने के बावजूद फर्म के मालिक ने कोई धनराशि जमा नहीं की। इसके बाद एडीएम ने उप जिलाधिकारी जलालाबाद के साथ फैक्ट्री पहुंचकर उसे सील कर दिया। एडीएम अरविंद कुमार ने कहा कि ऐसे और भी बकायेदार हैं। सभी अमीनों को वसूली के कड़े निर्देश दिए गए हैं। वसूली न करने वाले अमीनों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। लोन न चुकाने वाली अन्य फर्मों को भी सील किया जाएगा।

# साइबर-ठग ने महिला की फोटो एडिट कर पति को भेजी

## शाहजहांपुर में फर्जी पुलिसकर्मी ने वायरल न करने पर मांगी रकम, धमकी भी दी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, साइबर ठगी का एक नया मामला सामने आया है। फरुर्खाबाद का एक युवक खुद को पुलिसकर्मी बताकर एक व्यक्ति को धमकी दे रहा है। आरोपी ने पीड़ित की पत्नी की एडिट की हुई फोटो उसके पति को भेजी है। पीलीभीत के पीड़ित ने शाहजहांपुर के साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि आरोपी अलग-अलग नंबरों से फोन कर फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा है। आरोपी ने पीड़ित के मोबाइल पर अश्लील फोटो भी भेजे हैं। पीड़ित के मुताबिक आरोपी फोटो वायरल न करने के एवज में पैसों की मांग कर रहा है। जब पीड़ित ने रुपए देने से मना किया तो उसने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# दो पक्षों के बीच पथराव

## दोनों पक्षों पर एफआईआर, राजनीतिक दबाव में एक आरोपी का नाम हटा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, थाना कांट क्षेत्र में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 9 अप्रैल की रात की है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव और फायरिंग का आरोप लगाया है। पहले पक्ष के रामप्रकाश ने बताया कि नवादा इंदेपुर गांव का शोभित उनके बेटे को घर छोड़ने आया था। इसी दौरान राशिद, हसन मोहम्मद साबिर, शाकिर और गुड्डू ने पांच अज्ञात लोगों के साथ पुरानी रंजिश के चलते हमला कर दिया। आरोपियों ने हवाई फायरिंग की और जान से मारने की धमकी दी। दूसरे पक्ष के राशिद का आरोप है कि शोभित ठाकुर, देव राजपूत, धनपाल और प्रकाश गाड़ी में शराब पी रहे थे। मना करने पर उन्होंने हमला कर दिया। धारदार हथियार से राशिद के पिता को घायल किया। फायरिंग में गोली राशिद के कान के पास से निकली। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर कुल 14 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इनमें 9 नामजद और 5 अज्ञात आरोपी शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार एक आरोपी का नाम राजनीतिक दबाव में तहरीर से हटा दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है।

# महंगाई के विरोध में कांग्रेस का अनूठा प्रदर्शन

## शाहजहांपुर में महिला कार्यकताओं ने चूल्हे पर बनाया खाना, खाली सिलेंडर रख गले में पहनी सब्जियों की माला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, कांग्रेस की महिला पदाधिकारियों ने महंगाई के विरोध में अनूठा प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यालय के पास शहीद उद्यान के पास महिलाओं ने जमीन पर चूल्हा जलाकर खाना बनाया। उन्होंने खाली गैस सिलेंडर रखकर और गले में सब्जियों की माला पहनकर महंगाई का विरोध जताया। प्रदर्शन करीब एक घंटे तक चला। महिला कार्यकताओं ने खाना बनाते समय महंगाई पर आधारित गीत भी गाए। यह नजारा देखने के लिए आस-पास से लोग जमा हो गए। कांग्रेस लगातार महंगाई के मुद्दे पर सरकार को घेर रही है। एक दिन पहले शुक्रवार को पार्टी ने तांगे पर बाइक रखकर प्रदर्शन किया था। उस दिन निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ भी रैली निकाली गई थी। प्रदर्शन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता उर्फ मुन्ना, रामजी अवस्थी, सईद अंसारी, सलमान खान और जमाल खां मौजूद रहे। इस अनोखे विरोध प्रदर्शन की पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है।



# बिजली चोरी की फर्जी एफआईआर में फंसा प्रवर्तन दल

## डीएम ने की सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के निलंबन की संस्तुति, चालक की सेवा समाप्ति की सिफारिश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, बिजली विभाग के प्रवर्तन दल पर गंभीर आरोप सामने आए हैं। दल के सदस्यों ने मनमाने तरीके से बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज की थी। पीड़ित और स्थानीय भाजपा विधायक हरिप्रकाश वर्मा की शिकायत पर डीएम ने जांच कराई। थाना मिजार्पुर क्षेत्र के बहेरिया गांव में एक मामला सामने आया। यहां पंकज के घर प्रवर्तन दल ने चेकिंग की। दल में राजेश यादव, उमांकात त्यागी, महेश सिंह और चालक शकील अहमद शामिल थे। चेकिंग में मकान में उपकरण लगे मिले। फिर भी कर्मचारियों ने 30 हजार रुपये की मांग की। रुपये न देने पर बिजली चोरी में फंसाने की धमकी दी गई। एडीएम की जांच में सभी आरोप सही पाए गए। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार यादव, अवर अभियंता उमांकात, मुख्य आरक्षी महेश कुमार, सतेंद्र कुमार, सोनू कुमार, रीना सागर और चालक शकील अहमद दोषी पाए गए। जांच में यह भी पता चला कि आउटसोर्सिंग पर नियुक्त चालक फोन पर रुपये की मांग करता था। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रवर्तन दल ने कई मकानों में अनुचित रूप से चेकिंग की। दल के सदस्यों ने अपने पद का दुरुपयोग किया। डीएम ने एडीएम और एक्सईएन की रिपोर्ट के आधार पर सभी दोषी कर्मचारियों के निलंबन की संस्तुति की है। साथ ही चालक की सेवा समाप्त कर उसे ब्लैकलिस्ट करने की भी सिफारिश की है।

# आग लगने से गेहूं की फसल राख



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, बंडा स्थित खखरा बुजुर्ग गांव में गेहूं की फसल में आग लग गई। इस हादसे में करीब 10 एकड़ में खड़ी फसल जलकर राख हो गई। आधा दर्जन से अधिक किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली का तार टूटने से फसल में आग लगी है। किसान अफसर अली ने बताया कि सुबह बिजली के तार की मरम्मत की गई थी। इसके तुरंत बाद बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई। तार टूटकर फसल पर गिरने से आग लग गई। उनकी दो एकड़ फसल पूरी तरह जल गई। कुल मिलाकर किसानों को करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग की लपटें देखते ही किसान खेतों की तरफ दौड़े। सभी ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक
(भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण
(भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# चीन बोला- भारतीय दोस्तों का हमारे यहां स्वागत

## अमेरिका से ट्रेड वॉर के बीच इस साल अब तक 85000 इंडियन को वीजा जारी किया

एजेंसी

नई दिल्ली, अमेरिका से जारी ट्रेड वॉर के बीच चीन भारतीय पर्यटकों को लुभाने की भरसक कोशिशों कर रहा है। भारतीय चीनी दूतावास और कॉन्सुलेट्स ने 9 अप्रैल तक 85,000 से ज्यादा भारतीय नागरिकों को वीजा जारी किए हैं ।भारत में चीनी राजदूत शू फेइहोंग ने ज्यादा से ज्यादा भारतीयों से चीन आने और देश घूमने की अपील की। उन्होंने पर लिखा- 9 अप्रैल, 2025 तक भारत में चीनी दूतावास और कॉन्सुलेट्स ने चीन विजिट करने वाले भारतीय नागरिकों को 85,000 से ज्यादा वीजा जारी किए हैं। चीन आने वाले ज्यादा से ज्यादा भारतीय दोस्तों का स्वागत है, ताकि वे सुरक्षित और दोस्ताना चीन को जान सकें। भारतीय टूरिस्ट्स के लिए कई तरह की छूट ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की जरूरत नहीं: चीनी वीजा के लिए अप्लाई करने वाले भारतीयों को अब अनिवार्य तौर पर ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने की जरूरत नहीं होगी। इससे वीजा एप्लिकेशन प्रोसेस तेज और आसान




हो जाएगी। बायोमेट्रिक छूटः अगर भारतीय नागरिक शॉर्ट टाइम के लिए चीन की यात्रा करना चाहते हैं तो उन्हें अब अपना बायोमेट्रिक डेटा पेश करने की जरूरत नहीं है, जिससे वीजा प्रोसेस का समय कम हो जाता है। तेज प्रोसेसः चीन ने वीजा अप्रूवल सिस्टम तेज करने के लिए अप्रूवल समय-सीमा को भी आसान कर दिया है, जिससे प्रोसेस तेज हो गई है। वीजा शुल्क में कटौतीः चीन में अधिक भारतीय पर्यटकों को अपने देश बुलाने के लिए वीजा शुल्क में भी कटौती की है। टूरिज्म को प्रमोशनः भारत में चीनी दूतावास ज्यादा से ज्यादा भारतीय यात्रियों को आकर्षित करने के लिए चीनी पर्यटन को बढ़ावा दे रहा है। मार्च तक जारी किए थे 50 हजार वीजा... इससे पहले मार्च में चीनी राजदूत ने बताया था कि उनके देश ने भारतीयों को 50,000 से ज्यादा वीजा जारी किये हैं। फेइहोंग ने उस समय कहा था- जब वसंत में फूल खिलते हैं, हम ज्यादा से ज्यादा भारतीय दोस्तों का चीन आने और वसंत में हमारे देश अनुभव करने के लिए स्वागत करते हैं। हाल के महीनों में, चीन ने भारतीय नागरिकों से जुड़े वीजा प्रोसेस के नियमों में कई छूट पेश की है। नए चीनी वीजा नियमों में अनिवार्य ऑनलाइन अपॉइंटमेंट को खत्म करना और वीजा शुल्क में कटौती शामिल है। दोनों देशों के बीच यात्रा को आसान बनाने के लिए ये कदम उठाए जा रहे हैं। 2024 में कितने भारतीय टूरिस्ट ने चीन की यात्रा की डेटा पब्लिक प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद नहीं है। जबकि पिछले साल भारत में चीनी दूतावास के प्रवक्ता वांग शियाओजियान ने बताया था कि 2023 में भारतीय नागरिकों को 1,80,000 से ज्यादा चीनी वीजा जारी किए गए थे। 15 जून 2020 को चीन ने ईस्टर्न लद्दाख के सीमावर्ती इलाकों में एक्सरसाइज के बहाने सैनिकों को जमा किया था। इसके बाद कई जगह पर घुसपैठ की घटनाएं हुई थीं। भारत सरकार ने भी इस इलाके में चीन के बराबर संख्या में सैनिक तैनात कर दिए थे। हालात इतने खराब हो गए कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गोलियां चलीं। इसी दौरान 15 जून को गलवान घाटी में चीनी सेना के साथ हुई झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। बाद में भारत ने भी इसका मुंहतोड़ जवाब दिया था। इसमें 40 चीनी सैनिक मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों से रिश्तों में बड़ा तनाव देखने को मिला था। हालांकि पिछले रूस के कजान में जी20 समिट के दौरान मोदी और जिनपिंग की मुलाकात से दोनों देशों के रिश्तों में जमी बर्फ पिघलने की शुरूआत हुई है।

# मेलबर्न के भारतीय दूतावास में तोड़फोड़

## मेन गेट पर लाल पेंट से निशान बनाए; पहले भी दीवारों पर भड़काऊ नारे लिखे जा चुके

एजेंसी

कैनबेरा, मेलबर्न के भारतीय वाणिज्य दूतावास में एक बार फिर तोड़फोड़ की गई है। 'ऑस्ट्रेलिया टुडे' की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार रात करीब 1:00 बजे दूतावास के मेन गेट पर लाल रंग से बनाए गए निशान दिखे। घटना के बाद कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग ने इस मुद्दे को ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के सामने रखा। इस दूतावास में पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। अंतरराष्ट्रीय तनाव के दौरान पहले भी यहां की दीवारों पर भड़काऊ नारे लिखे गए थे। विक्टोरिया




पुलिस के प्रवक्ता ने बताया, 'हमें लगता है कि बुधवार और गुरुवार की रात के बीच किसी समय इमारत के मेन गेट पर किसी ने निशान बनाए हैं। इस नुकसान की जांच अभी जारी है।' पुलिस ने अब तक ये नही बताया है कि किसी संदिग्ध की पहचान हुई है या नहीं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अगर किसी के पास इस घटना को लेकर कोई जानकारी हो तो आगे आएं। भारतीय उच्चायोग ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट में लिखा, मेलबर्न में भारतीय वाणिज्य दूतावास की दीवारों पर शरारती तत्वों की तरफ से की गई अपमानजनक हरकत को ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के साथ उठाया गया है। देश में भारतीय राजनयिक और कॉन्सुलेट बिल्डिंग के साथ कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। इस घटना को लेकर भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय ने चिंता जताई है। समुदाय के लोगों ने बताया कि हिंदू मंदिरों और भारतीय सरकारी इमारतों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। एक भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई नागरिक ने कहा, यह सिर्फ दीवार बनाए गए निशान नहीं हैं- यह हमारे समुदाय को डराने की एक कोशिश है। 2023 में ऑस्ट्रेलिया के कई मंदिरों में तोड़फोड़ की घटना सामने आई थी। ब्रिसबेन में स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर की दीवार को तोड़ दिया गया। साथ ही मंदिर की दीवार पर खालिस्तान के समर्थन और भारत के खिलाफ नारे लिखे गए।

इससे पहले मेलबर्न के विक्टोरिया में हिंदू मंदिर पर हमला कर खालिस्तानी नारे लिखे गए थे।

# इजराइल ने 1000 सैनिकों को नौकरी से निकाला

## इन्होंने गाजा युद्ध पर सवाल उठाया था, कहा था– जंग अब राजनीतिक मकसद पूरा कर रही

एजेंसी

तेल अवीव, इजराइल ने 1000 सैनिकों को नौकरी से निकाला, इन्होंने गाजा जंग पर सवाल उठाया था, कहा था- ये जंग अब राजनीतिक मकसद पूरा कर रही इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने अपने लगभग 1000 रिजर्व सैनिकों को बर्खास्त कर दिया है। इजराइल के सैन्य प्रमुख ईयार जमीर और वायु सेना ने रिजर्विस्टों को बर्खास्त करने का फैसला किया है। हालांकि अभी यह मालूम नहीं है कि ये बर्खास्तगी कब से होगी। इन सैनिकों ने गाजा में चल रहे जंग के खिलाफ आवाज उठाई थी और बंधकों की रिहाई को प्राथमिकता देने के लिए तत्काल युद्धविराम की मांग की थी। इजराइल में पहली बार एक साथ इतने सैनिक निकाले गए इजराइल में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में सैनिकों को इस तरह की वजह से नौकरी से निकाला गया है। बर्खास्त किए गए सैनिकों में ज्यादातर रिजर्व सैनिक हैं, जो हाल में गाजा और लेबनान में हुए जंग में शामिल थे। इजराइल में पिछले महीने सैकड़ों वायुसेना रिजर्व सैनिकों ने कुछ इजराइली अखबारों में सरकार के नाम एक चिट्ठी प्रकाशित की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि गाजा में चल रही जंग अब राजनीतिक हितों को पूरा कर रही है। इसका अब कोई सैन्य उद्देश्य नहीं है। इसमें कहा गया था कि



गाजा में 18 महीने से चल रही लड़ाई न तो बंधकों को बचा रही है और न ही हमास को खत्म कर पा रही है। इसके बजाय इस जंग में सैनिक, बंधक और आम नागरिक मारे जा रहे हैं। अगर जंग जारी रहा तो बंधकों, सैनिकों और निर्दोष लोगों की मौत होगी। इस चिट्ठी पर सैकड़ों रिटार्यड अधिकारियों ने दस्तखत किए थे। इसे इजराइल के कई प्रमुख अखबारों में छापा गया था। इस चिट्ठी पर हस्ताक्षर करने वालों में रिजर्व नेविगेटर अलोन गुर जैसे लोग शामिल थे, जिन्हें पहले ही बर्खास्त किया जा चुका है। इजराइली सेना ने इस चिट्ठी को अनुशासन और सैन्य नीतियों के खिलाफ माना है। आईडीएफ प्रवक्ता ने कहा, हमारी प्राथमिकता देश की सुरक्षा है। ऐसे समय में जब हम कई मोर्चों पर लड़ रहे हैं, इस तरह की कार्रवाइयां सैन्य एकता को कमजोर करती हैं। इन सैनिकों को नौकरी से निकाले जाने की आलोचना शुरू हो गई है। तेल अवीव में बंधकों की रिहाई के लिए प्रदर्शन कर रहे एक कार्यकर्ता, योआव लेवी ने कहा, ये सैनिक सही कह रहे थे। युद्ध 18 महीने से चल रहा है, और 59 बंधक अभी भी गाजा में हैं। सरकार को उनकी बात सुननी चाहिए थी, न कि उन्हें नौकरी से निकालना चाहिए। कुछ सांसदों ने इस कार्रवाई का समर्थन किया और इसे सैन्य अनुशासन का सवाल बताया। हाल के एक सर्वेक्षण में 70% इजराइली नागरिकों ने बंधकों की रिहाई के लिए सीजफायर का समर्थन किया था। हालांकि पीएम नेतन्याहू हमास के पूरी तरह खत्म हो जाने तक जंग जारी रखने के समर्थक हैं।

# ट्रम्प ने ईरान को फिर धमकी दी

## कहा- न्यूक्लियर प्रोग्राम नहीं छोड़ा तो खामियाजा भुगतना पड़ेगा; आज ओमान में दोनों देशों के बीच बातचीत

एजेंसी


ओमान, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसने अपना न्यूक्लियर प्रोग्राम नहीं छोड़ा, तो उसे खामियाजा भुगतना पड़ेगा। यह बात ट्रम्प की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने शनिवार को होने वाली अमेरिका-ईरान बातचीत से पहले पत्रकारों के सामने कही। कैरोलिन लेविट ने कहा कि ट्रम्प की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि



ईरान कभी परमाणु हथियार न हासिल कर सके। ट्रम्प कूटनीति से निकाले गए हल का समर्थन करते हैं, लेकिन अगर कूटनीति विफल होती है तो वह कड़े कदम उठाने के लिए भी तैयार हैं। कैरोलिन लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प पहले भी साफ कर चुके हैं कि इस मामले में सभी विकल्प खुले हैं। ईरान के पास दो विकल्प हैं- या तो ट्रम्प की मांगों को माने, या गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहे। यही इस मुद्दे पर ट्रम्प की दृढ़ भावना है। अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ शनिवार को ओमान में ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराकची से मुलाकात करेंगे। यह अमेरिका और ईरान के बीच एक दशक से भी अधिक समय में पहली औपचारिक परमाणु बातचीत होगी। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, ओमान के विदेश मंत्री बदर अल-बुसैदी इस बातचीत में मध्यस्थ की भूमिका निभाएंगे। पॉलिटिको की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने ईरान को एक नई परमाणु डील पर सहमति के लिए 60 दिनों का समय दिया है, नहीं तो सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दी है। यह चेतावनी एक चिट्ठी के जरिए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को भेजी गई।

# तहव्वुर राणा 26 / 11 के मास्टरमाइंड साजिद के संपर्क में था

## पाकिस्तानी सेना की वर्दी से खास लगाव; एनआईए की पूछताछ में 'दुबई मैन' का नाम लिया



एजेंसी

**राणा का पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी करक से भी करीबी संपर्क था और उसे पाकिस्तानी सेना की वर्दी से खास लगाव था। इससे पहले एनआईए ने पूछताछ के पहले दिन (शुक्रवार को) 3 घंटे पूछताछ की।**

नई दिल्ली , 2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शनिवार को दूसरे दिन भी पूछताछ की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राणा ने पूछताछ में बताया कि वह ग्लोबल टेररिस्ट साजिद मीर से लगातार संपर्क में था, जो 26/11 हमलों का मास्टरमाइंड माना जाता है ।इसके अलावा पूछताछ में राणा ने 'दुबई मैन' का नाम लिया है, जिसे हमले की पूरी प्लानिंग पता थी। एजेंसी को शक है कि यह व्यक्ति पाकिस्तान और दुबई के बीच नेटवर्क संभालता था और हमलों की फाइनेंसिंग, लॉजिस्टिक सपोर्ट में अहम भूमिका निभा रहा था। ये भी पता चला है कि राणा का पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी करक से भी करीबी संपर्क था और उसे पाकिस्तानी सेना की वर्दी से खास लगाव था। इससे पहले एनआईए ने पूछताछ के पहले दिन (शुक्रवार को) 3 घंटे पूछताछ की। एजेंसी ने बताया कि वह कोऑपरेट नहीं कर रहा है। एनआईए की कोशिश है कि तहव्वुर के परिवार और दोस्तों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके ।दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने राणा को 18 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजा है। कस्टडी के दौरान ठकअ रोजाना राणा से पूछताछ की एक डायरी तैयार करेगी। आखिरी दौर की पूछताछ के बाद डिस्क्लोजर स्टेटमेंट में उसे रिकॉर्ड पर लिया जाएगा। यह केस डायरी का हिस्सा होता है ।10 अप्रैल को स्पेशल विमान से अमेरिका से भारत लाया गया 64 साल के राणा को 10 अप्रैल को स्पेशल विमान से अमेरिका से भारत लाया गया था। देर रात पटियाला हाउस कोर्ट के स्पेशल एनआईए जज चंद्रजीत सिंह ने बंद कमरे में मामले की सुनवाई की और रात 2 बजे फैसला सुनाते हुए एनआईए को उसकी कस्टडी दी ।बुधवार रात राणा की पहली तस्वीर भी सामने आई, जिसमें नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के अधिकारी उसे पकड़े हुए नजर आए। कल यूएस डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस ने एक और तस्वीर जारी की। इसमें अमेरिकी मार्शल उसे एनआईए के अफसरों को सौंप रहे हैं ।आतंकी राणा- सुसाइड वॉच पर राणा को एनआईए मुख्यालय, लोधी रोड में हाई-सिक्योरिटी ग्राउंड फ्लोर की 14ɤ14 फीट की सेल में रखा गया है।

# काशी गैंगरेप-14 मोबाइल में 546 लड़कियों के न्यूड वीडियो

### अनमोल के 2 आईफोन में कस्टमर का डेटा

**सेक्स रैकेट के मास्टरमाइंड अनमोल गुप्ता के पास से पुलिस को 2 आईफोन मिले थे। पुलिस कस्टडी में दोनों मोबाइल पासवर्ड के जरिए ओपन किए गए। इसमें आईज और फिंगर पासवर्ड लगे हुए थे। उसके फोन में लड़कियों की न्यूड से लेकर आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो मिले हैं। ज्यादातर तस्वीरें उसके कॉन्टिनेंटल कैफे के अंदर की हैं।**

## मास्टरमाइंड अनमोल के कैफे में बनाए गए, 6 राज्यों में कस्टमर्स को भेजे



एजेंसी

वाराणसी , छात्रा से गैंगरेप केस की जांच ने मामले को एक बड़े सेक्स रैकेट की तरफ मोड़ दिया है। अरेस्ट हुए 12 लड़कों के मोबाइल में 546 लड़कियों के न्यूड वीडियो मिले हैं। जिन नंबरों पर इन वीडियो को शेयर किया गया है, उनकी लोकेशन यूपी के साथ 6 राज्यों में मिली है ।इस वारदात का मास्टरमाइंड और कांटिनेंटल कैफे का मालिक अनमोल यूपी के साथ ही महाराष्ट्र, दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु तक लड़कियों को भेज रहा थाऐसा माना जा रहा है कि ये वीडियो अनुपम अपने कस्टमर को भेजता था। साथ ही, नए जुड़ने वाले लड़कों को भी ये कंटेंट दिया जाता था। ताकि इसे दिखाकर वह नए लोगों को कैफे तक ला सके ।मोबाइल में एक डेटा शीट भी मिली है, जिसमें कैफे में आने वाले रेगुलर कस्टमर के नाम और नंबर हैं। पुलिस इन लोगों से भी संपर्क कर रही है। बहुत से नाम और नंबर ऐसे लोगों के हैं, जो कैफे में कभी-कभार आते थे। उनका डेटा भी मोबाइल में सुरक्षित रखा गया है। ऐसे में यह डेटाशीट भी पुलिस जांच का हिस्सा है ।12 लड़के ड्रग एडिक्ट, उनके मोबाइल फोरेंसिक जांच के लिए भेजे गए वाराणसी गैंगरेप केस में 23 में से 12 नाम ही सामने आए हैं, 11 की पहचान होना बाकी है। छात्रा जिन्हें पहचान सकी, उनके बारे में पुलिस को बता दिया है। अब अरेस्ट लोगों की मदद से पुलिस बाकी आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। सामने आया है कि 12 आरोपी ड्रग एडिक्ट हैं। वह जेल में भी नशे के लिए परेशान हैं ।इन आरोपियों के मोबाइल में भी 546 लड़कियों के न्यूड वीडियो मिले हैं। 100 से ज्यादा लड़कियों के स्टाइलिश तस्वीरें भी मिली हैं। यह कोई इंटरनेट पर मौजूद डाउनलोड वीडियो नहीं हैं, बल्कि सभी अनमोल के कैफे या अड्डे पर तैयार किए गए थे ।इन वीडियो के बैकग्राउंड को देखकर पुलिस ऐसा बता रही है। लेकिन सबूतों में शामिल करने से पहले उनकी फोरेंसिक जांच भी करवाई जा रही है। इसकी छानबीन आगरा विधि विज्ञान प्रयोगशाला से हो रही है ।परिवार के मुताबिक, उसकी मनोदशा ठीक नहीं है। मेडिकल करने वाले डॉक्टर ने कुछ दवाएं लिखी थीं, फिलहाल वही छात्रा को दी जा रही हैं। शुक्रवार को छात्रा को पंडित दीनदयाल राजकीय जिला चिकित्सालय के महिला अस्पताल में पुलिस सुरक्षा में लाया गया था।

# बिहार में एनडीए की बड़ी बैठक, शिवराज सिंह चौहान भी हुए शामिल

**शिवराज ने कहा कि आज हमने तैयारियों की व्यापक समीक्षा की है। बिहार के लोगों में उत्साह है, लाखों लोग मधुबनी आएंगे और ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। आज हमने ग्रामीण विकास मंत्रालय के काम-काज की भी समीक्षा की है।**



एजेंसी

बिहार चुनाव से पहले भाजपा कार्यालय में आज एनडीए की बड़ी बैठक हुई। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे से पहले बिहार में एनडीए की बैठक में शामिल हुए। बैठक के बाद शिवराज ने कहा कि एनडीए की राज्य और केंद्र सरकार एक विकसित बिहार का निर्माण कर रही है। यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री मोदी 24 अप्रैल को बिहार के लोगों को कई सौगात देने आ रहे हैं। कई परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास होगा और बिहार के लोगों को ग्रामीण विकास योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा ।शिवराज ने कहा कि आज हमने तैयारियों की व्यापक समीक्षा की है। बिहार के लोगों में उत्साह है, लाखों लोग मधुबनी आएंगे और ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। आज हमने ग्रामीण विकास मंत्रालय के काम-काज की भी समीक्षा की है। मुझे खुशी है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में ग्रामीण विकास योजनाओं को आदर्श तरीके से लागू किया जा रहा है। बिहार के मंत्री और भाजपा नेता नितिन नबीन ने कहा कि भाजपा और एनडीए की पूरी टीम प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारी में जुटी है।

# 'इसकी शुरूआत कांग्रेस ने की थी, इसमें कोई श्रेय मोदी जी को नहीं जाता'


**दिसंबर 2010 में दिग्विजय सिंह ने यह दावा करके एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया था कि महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के प्रमुख हेमंत करकरे ने 26/11 के हमलों के शुरू होने से कुछ ही घंटे पहले उनसे बात की थी।**

## तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर बोले दिग्विजय सिंह

एजेंसी

26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि इसकी शुरूआत कांग्रेस ने की थी। इसमें कोई श्रेय मोदी जी को नहीं जाता है। उन्होंने आगे कहा कि तहव्वुर राणा 26/11 हमलों में शामिल था और उसका प्रत्यर्पण केवल इसलिए संभव हो सका क्योंकि यूपीए सरकार ने सही समय पर उसका नाम जांच में डाला और उसे अमेरिका में गिरफ्तार कर लिया गया। 14 साल की कैद पूरी करने के बाद उसे भारत प्रत्यर्पित किया गया। दिसंबर 2010 में दिग्विजय सिंह ने यह दावा करके एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया था कि महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के प्रमुख हेमंत करकरे ने 26/11 के हमलों के शुरू होने से कुछ ही घंटे पहले उनसे बात की थी।

सिंह ने बार-बार आरोप लगाया कि मालेगांव विस्फोट मामले के सिलसिले में हिंदू चरमपंथियों को गिरफ्तार करने के बाद करकरे को अज्ञात कॉल करने वालों से मौत की धमकियाँ मिल रही थीं ।सिंह ने आगे दावा किया था कि करकरे को आरएसएस के नेताओं ने निशाना बनाया था और उनकी मौत के



लिए संगठन को जिम्मेदार ठहराया था। 2008 के हमलों के दौरान करकरे की मौत हो गई थी। दिग्विजय सिंह के बयान पर शिवसेना नेता शाइना एनसी ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब दिग्विजय सिंह या कांग्रेस पार्टी ने विवादित बयान दिया हो। लेकिन कांग्रेस पार्टी का ट्रैक रिकॉर्ड देखिए। सुसाइड न कर ले ने सेल में सख्त किया पहराउन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह ने इसे (26/11 आतंकी हमले) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जोड़ने की कोशिश की। यह भारत के लिए गर्व की बात है कि 2019 से प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका के साथ कूटनीतिक संबंध बनाए रखे हैं, हमने तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण किया है, जो 26/11 का मास्टरमाइंड है। उन सभी लोगों के लिए जिन्होंने अपनी जान गंवाई। वे शायद कांग्रेस पार्टी को देख रहे हैं और उसके वोट बैंक, तुष्टिकरण की राजनीति और उसकी विचारधारा के बारे में सोच रहे हैं।

## संक्षेप

### सदर विधायक ने बूथ समिति की ली बैठक

**भाजपा का गांव चलो अभियान, योगी सरकार की गिनाई उपलब्धियां**

सुलतानपुर, जयसिंहपुर विकासखंड में भाजपा का गांव चलो अभियान जारी है। सेमरी मंडल के ग्राम पीढ़ी में बूथ संख्या 146 और 147 पर पंचायत भवन में बूथ समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिला मंत्री विवेक सिंह, मंडल अध्यक्ष रोहित पांडेय और मंडल महामंत्री बृजेश श्रीवास्तव मौजूद रहे। इस दौरान ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, बूथ अध्यक्ष और पार्टी के वरिष्ठ कार्यकताओं ने ग्रामीणों से संवाद किया। नेताओं ने योगी सरकार के 8 साल की उपलब्धियों की जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष और महामंत्री को निर्देश दिया गया कि वे हर बूथ तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाएं। साथ ही जनता की समस्याओं को सुनें और उनका समाधान करें। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश ने नई ऊंचाइयां छुई हैं। अंत्योदय की भावना के तहत गरीबों, युवाओं और महिलाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

### ई-रिक्शा में व्यापारी की जेब कटी

**सुल्तानपुर में दिनदहाड़े एक लाख रुपए की चोरी, पेमेंट के समय व्यापारी को हुई जानकारी**

सुलतानपुर, एक कपड़ा व्यापारी के साथ ई-रिक्शा में जेब कटने की वारदात सामने आई है। व्यापारी की जेब से एक लाख रुपए चोरी हो गए। मोतिगरपुर के ढेमा गांव के रहने वाले राजेंद्र प्रसाद गुप्ता दुकान के लिए सामान खरीदने सुल्तानपुर आए थे। उनके पास एक लाख रुपए नकद थे। गोमती नदी पुल के पास बस से उतरे। वहां से उन्होंने एक ई-रिक्शा पकड़ा। नगर कोतवाली के पास रिक्शा से उतरने के बाद राजेंद्र प्रसाद दुकान की तरफ गए। उनके साथ ई-रिक्शा में सवार एक अन्य व्यक्ति भी वहीं उतरा। जब व्यापारी ने खरीदारी के बाद भुगतान के लिए जेब में हाथ डाला तो पाया कि जेब कट चुकी है। एक लाख रुपए गायब थे।

### टीचर ने छात्र को लोहे की स्केल से पीटा

**सुलतानपुर में कक्षा 4 के बच्चे को मारने पर केस, चेहरे और पीठ पर चोट के निशान**

सुलतानपुर, कादीपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल कटसारी में एक शिक्षक द्वारा छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शिक्षक प्रवीण सिंह ने कक्षा चार के छात्र वेदांत सिंह को लोहे की स्केल से पीटा है। सात वर्षीय वेदांत सिंह कटसारी का रहने वाला है। स्कूल के अंतिम पीरियड में शिक्षक ने एक प्रश्न पूरा न कर पाने पर उसकी पिटाई कर दी। इस मारपीट में बच्चे के चेहरे और पीठ पर गंभीर चोट के निशान बने हैं। पीड़ित छात्र के चाचा हरीश कुमार सिंह ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि जब वे स्कूल के प्रधानाचार्य और प्रबंधक से मिले, तो उन्होंने छात्र को ही दोषी बताया।

# विधायक की स्मार्ट क्लास मुहिम

## 248 प्राथमिक विद्यालयों को 'स्मार्ट क्लास' का गिफ्ट, अब गांवों के बच्चे होंगे स्मार्ट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, 248 प्राथमिक विद्यालय 'स्मार्ट' होंगे। करछना विधायक ने इन सभी स्कूलों को एक सॉफ्टवेयर सिस्टम से जोड़ने की योजना बनाई है। इसमें सीसीटीवी निगरानी, ऑनलाइन मॉनिटरिंग और लाइव फीडबैक जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय से भी इन स्मार्ट क्लासों की निगरानी की जाएगी। अभी तक 60 स्कूलों को स्मार्ट क्लास में तब्दील किया जा चुका है। इसके लिए विधायक ने करीब 1.5 करोड़ की धनराशि अपनी निधि से दिए हैं। विधायक पीयूष रंजन निषाद एक स्कूल पहुंचे। उन्होंने बच्चों से कहा कि अब उन्हें किताबें लाने की भी जरूरत नहीं होगी, क्योंकि वीडियो और ऑडियो से सब कुछ समझ में आ जाता है। उन्होंने



बताया कि स्कूलों को स्मार्ट बनाने के प्रोजेक्ट पर करीब 11 करोड़ रुपए का खर्च आया है। एक स्कूल को स्मार्ट क्लास में बदलने में लगभग 4 लाख रुपए का खर्च आता है। 60 स्कूलों में स्मार्ट क्लासें संचालित हो रही हैं। आगामी 6 महीनों में सभी 248 स्कूल तैयार हो जाएंगे। विधायक ने बताया- पहल सिर्फ एक विकास योजना नहीं है, बल्कि यह एक सोच है। जब एक नेता अपने बचपन की कठिनाइयों को समझते हुए आगे बढ़ता है। अपने क्षेत्र के बच्चों को वह सब देने की कोशिश करता है, जो उन्हें कभी नहीं मिला, तो वही बदलाव की असली शुरूआत होती है। प्रदेश की पहली 'डिजिटल विधानसभा' से प्रेरणा करछना विधायक उस विधानसभा क्षेत्र से आते हैं जो उत्तर प्रदेश की पहली डिजिटल विधानसभा है। यहां सभी काम कागज रहित यानी पेपरलेस होते हैं। प्रश्न पूछने से लेकर योजनाओं के प्रस्तुतीकरण तक सब कुछ डिजिटल माध्यम से होता है। यही डिजिटल अप्रोच उन्होंने अपने विद्यालयों में भी लागू करने की ठानी है। शिक्षा से ही विकास की राह विधायक पीयूष रंजन निषाद का मानना है कि अगर बच्चों को गुणवत्ता वाली शिक्षा दी जाए, तो वे न केवल समाज बल्कि देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उनका यह सपना है कि एक दिन ये बच्चे भी देश की संसद में डिजिटल बहस कर सकें, ठीक वैसे ही जैसे आज वे डिजिटल क्लास में भाग ले रहे हैं। क्या है स्मार्ट क्लास? स्मार्ट क्लास का मतलब है। तकनीक से लैस वह क्लास रूम जहां बच्चों को ऑडियो-विजुअल के माध्यम से पढ़ाई कराई जाती है।

# रेलवे ने कबाड़ से कमाए 272 करोड़

## पुराने इंजन, कोच और ट्रैक बेच की करोड़ों की कमाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) ने वित्त वर्ष 2024-25 में स्क्रैप से 272 करोड़ रुपये की कमाई की है। यह आमदनी पुराने ट्रैक, बेकार इंजन, कोच, वैगन और सिग्नलिंग उपकरणों से हुई है। इस उपलब्धि में झांसी, प्रयागराज और आगरा डिवीजन का योगदान रहा है। साथ ही झांसी वर्कशॉप, डीजल शेड और इलेक्ट्रिक शेड ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्क्रैप में वे सभी उपकरण शामिल थे, जो रेलवे के सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतर रहे थे।



एनसीआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि कान्त त्रिपाठी के अनुसार, कबाड़ के निस्तारण से कई फायदे हुए हैं। रेलवे यार्ड की सफाई से लाइन क्षमता में सुधार हुआ है। मेंटेनेंस स्टाफ को काम करने में आसानी हुई है। साफ-सुथरे यार्ड में नए इंजन और कोचों का रखरखाव बेहतर तरीके से हो पा रहा है।

रेलवे बोर्ड हर साल स्क्रैप का टारगेट तय करता है। यह टारगेट रिटायर होने वाले रेल संसाधनों के मूल्यांकन पर आधारित होता है। एनसीआर ने इस साल न सिर्फ अपना लक्ष्य पूरा किया, बल्कि उससे आगे निकल गया। यह पहल न केवल अतिरिक्त आय का जरिया बनी है, बल्कि स्वच्छता और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन का उदाहरण भी बन गई है। इससे रेलवे की परिचालन क्षमता में भी वृद्धि हुई है।

# हाथ में हंसिया लेकर गेहूं काटने पहुंची डीएम

**अमेठी में किसानों को प्रोत्साहित करने का प्रयास, ग्रामीणों के चेहरे खिले**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जिलाधिकारी निशा अनंत ने किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए अनूठी पहल की। वे गौरीगंज तहसील के बेहटा गांव में गेहूं की कटाई के लिए पहुंचीं। डीएम ने दोपहर करीब 3 बजे किसान के खेत में पहुंचकर खुद हंसिया से गेहूं की कटाई की।



इस खेत का चयन पहले से ही रैंडम तरीके से किया गया था। गौरीगंज तहसील का पूरा प्रशासन इस दौरान मौके पर मौजूद रहा। प्रशासन लगातार किसानों से अपील कर रहा है कि वे अपनी फसल सरकारी खरीद केंद्रों पर बेचें। इसी कड़ी में अमेठी के अधिकारी विभिन्न खेतों में जाकर किसानों के साथ गेहूं की कटाई कर रहे हैं। एक दिन पहले एडीएम ने भी एक खेत में जाकर गेहूं की कटाई की थी। कई गाड़ियों के काफिले के साथ डीएम को अपने खेत में देखकर ग्रामीण बेहद खुश नजर आए। किसानों के चेहरों पर मुस्कान देखी गई। इस पहल से किसानों में उत्साह का माहौल बना।

# चीनी मिल की दुर्दशा, 40 साल पुराने उपकरण

## कर्मचारियों का 5 महीने का वेतन बकाया; सांसद संसद में उठाएंगे मुद्दा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, सांसद राम भुआल निषाद ने आज सैदपुर स्थित उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि मिल का संचालन सुचारु रूप से नहीं हो रहा है। मिल में लगे उपकरण करीब 40 वर्ष पुराने हैं। इस कारण मिल के संचालन में बार-बार बाधा आती है। मिल के आधुनिकीकरण के लिए बजट की आवश्यकता है। सांसद ने बताया कि चीनी मिल घाटे में चल रही है और भाजपा सरकार का संचालन का दावा खोखला साबित हो रहा है। कर्मचारी यूनियन ने सांसद को एक मांग पत्र सौंपा। इसमें बताया गया कि वर्ष 2021 के पांच महीने का वेतन अभी तक बकाया है। 2017 से अब तक कई कर्मचारी रिटायर हो गए हैं और कुछ की मृत्यु हो गई है। वर्तमान कर्मचारियों




का भविष्य निधि भी नहीं मिला है। यूनियन ने मिल के विस्तारीकरण की मांग की है। वे इस मुद्दे को लेकर कई बार मुख्यमंत्री और विधायकों से मिल चुके हैं, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला। महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मिल में 94 एकड़ का परिसर है और किसानों के बकाया भुगतान कर दिए गए हैं। सांसद निषाद ने महाप्रबंधक को किसानों के हित में काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने चीनी मिल की क्षमता बढ़ाने का मुद्दा संसद में उठाने और विभागीय मंत्री से चर्चा करने का आश्वासन दिया।

# महिला थाना प्रभारी की पहल

**अमेठी में पति-पत्नी के बीच सुलह, मिशन शक्ति के तहत पारिवारिक विवाद सुलझा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था के साथ-साथ पारिवारिक रिश्तों को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थाना प्रभारी ममता रावत और उनकी टीम ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। महिला थाना प्रभारी ममता रावत ने अपनी टीम के साथ एक वैवाहिक जोड़े के बीच चल रहे विवाद को सुलझाया। उन्होंने दोनों पक्षों की शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना। पति-पत्नी की समस्याओं पर गहराई से विचार-विमर्श किया। थाना प्रभारी के समझाने-बुझाने के बाद दंपति एक साथ रहने को तैयार हो गए। वे खुशी-खुशी अपने घर लौट गए। दंपति ने इस सफल मध्यस्थता के लिए अमेठी पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस ने भी उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। यह



सफलता नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति का हिस्सा है। अमेठी पुलिस का यह प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश दे रहा है।


# इंस्टाग्राम पर शुरू हुआ प्रेम, फिर थाने पहुंचा मामला

## दिल्ली की विवाहिता तीन बच्चों को छोड़ अमेठी पहुंची, युवक पर लगाया धोखे का आरोप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, एक अनोखा मामला सामने आया है। इंस्टाग्राम पर शुरू हुई दोस्ती प्रेम में बदल गई। दिल्ली की एक विवाहित महिला तीन बच्चों को छोड़कर अमेठी के शुकुल बाजार क्षेत्र के खेममऊ गांव पहुंच गई। युवक पहले गुजरात के अहमदाबाद में एक पिज्जा सेंटर में काम करता था। वहीं इंस्टाग्राम पर दिल्ली की ज्योति कॉलोनी में रहने वाली महिला से उसकी दोस्ती हुई।

महिला दिल्ली में ब्यूटी पार्लर चलाती है। महिला का आरोप है कि युवक ने इंस्टाग्राम पर ब्यूटी पार्लर की लड़कियों को फॉलो कर उसका नंबर



लिया। फिर भावनात्मक रूप से जोड़कर होटल में कई बार मिला। महिला ने कहा कि युवक ने शादी का वादा किया था। जब महिला को पता चला कि युवक की 14 अप्रैल को तिलक और 20 अप्रैल को शादी है, तो वह शुकुल बाजार थाने पहुंची। उसने युवक पर धोखा देने का आरोप लगाया। थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्र ने दोनों पक्षों को बुलाकर समझाया। आपसी सहमति से मामले का निपटारा हो गया।

# 3 साल के मासूम की तड़प-तड़पकर मौत

## अलीगढ़ में 45 दिन पहले कुत्ते ने काटा, पिता बोले-कुत्ते की तरह भौंकने लगा था बेटा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, कुत्ते के काटने से 3 साल के बच्चे की तड़प-तड़पकर मौत हो गई। 45 दिन पहले एक ही गांव के 11 बच्चों को पागल कुत्ते ने काटा था। परिजनों ने 20 दिन बाद बच्चे को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाया। गुरुवार को बच्चे की तबीयत बिगड़ने लगी। बच्चा कुत्ते की तरह भौंकने लगा। घरवाले उसे प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को बच्चे की मौत हो गई। मामला छर्रा क्षेत्र के नगला नत्थू गांव का है। बच्चे की मौत के बाद अन्य 10 बच्चों के परिजनों में डर का माहौल बना हुआ है। डॉक्टरों का कहना है कि एक ही बच्चे के परिजन ने टीका लगवाया था। वो भी 20 दिन बाद सिर्फ एक टीका लगवाया। दूसरा टीका लगवाने के लिए



आए ही नहीं। जबकि 48 घंटे के अंदर इंजेक्शन लगवा लेना चाहिए। डेढ़ महीने पहले नगला नत्थू गांव में घर के बाहर खेलते समय 11 बच्चों को एक पागल कुत्ते ने काट लिया था। इसके बाद ग्रामीणों ने किसी तरह कुत्ते को गांव से भगा दिया। कुत्ते के हमले में घायल बच्चों में शामिल भोजराज के बेटे अंशु (3) की गुरुवार को अचानक तबीयत खराब हो गई। पिता भोजराज ने बताया- अंशु अजीब हरकत करने लगा। मैंने पूछा कि बेटा क्या हुआ है तो उसने कहा- मुझे डर लग रहा है। वह बीच-बीच में कुत्ते के भौंकने जैसी आवाज निकालने लगा। मैं घबरा गया। गुरुवार को हमने बेटे को छर्रा के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया। शुक्रवार को शाम 4 बजे डॉक्टरों ने बेटे को मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत से परिवार में सभी लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता भोजराज ने कहा-बेटे को पागल कुत्ते ने काटा था। तब गांव में एक व्यक्ति से उसका इलाज करा दिया। करीब 20 दिन तक टीका नहीं लगा था। मुझे डर लग रहा था कि बच्चे को टीका नहीं लगा है कहीं कोई दिक्कत न हो जाए। इसके बाद मैंने बच्चे को टीका लगवाया। आज ये दिन देखना पड़ रहा है। अगर समय से बच्चे को टीका लगवा देता तो शायद मेरा बच्चा बच जाता। नगला नत्थू गांव में घर के बाहर खेल रहे जय (2) पुत्र किशनलाल, गजेन्द्र (13) पुत्र नीरज, रिया (4) पुत्री प्रवीन, वंश (1) पुत्र अनिल, जानवी (10) पुत्र सतीश सिंह, मानव (1) पुत्र अनार सिंह, सुशांत (3) पुत्र कुलदीप, प्रशांत (5) पुत्र मनीष, गोलू (13) पुत्र रमेश को पागल कुत्ते ने काट लिया था। शनिवार को एक और बच्चे की तबीयत बिगड़ गई।

# पुलिस की गो तस्करों से मुठभेड़

## कोतवाली प्रभारी घायल, 2 तस्कर गिरफ्तार; तमंचा और चोरी की बाइक बरामद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमरोहा, डिडौली कोतवाली पुलिस ने शनिवार रात को गौ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। मुठभेड़ के दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन बदमाशों की गोली से घायल हो गए। एक सिपाही की जान बुलेटप्रूफ जैकेट की वजह से बच गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गौ तस्कर शानू कुरैशी के पैर में गोली लगी। पुलिस ने शानू और उसके साथी तंजीम कुरैशी



को मौके से गिरफ्तार कर लिया। घायल पुलिसकर्मी और दोनों आरोपियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी देते हुए एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि गौ तस्करों से एक अवैध तमंचा बरामद हुआ है। इसके अलावा चोरी की मोटरसाइकिल और गौवध में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी मिले हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दोनों तस्करों का लंबा आपराधिक इतिहास है। ये कई मामलों में वांछित थे। पुलिस अब पकड़े गए तस्करों से पूछताछ कर उनके नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है। यह कार्रवाई ऑपरेशन लंगड़ा के तहत की गई है।

# पेंट फैक्ट्री में लगी आग

## टॉप फ्लोर से शुरू हुई आग पर 6 दमकल गाड़ियों ने पाया काबू, एक किमी तक दिखा धुआं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

कानपुर, फजलगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत पेंट फैक्ट्री में आग लग गई। आग की सूचना के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां पहुंची। मौके पर फायर अधिकारी भी पहुंच गए। पेंट फैक्ट्री में आग लगने की सूचना को गंभीरता से लेते हुए। तत्काल प्रभाव से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। फैक्ट्री के टॉप फ्लोर में जहां पैकिंग करने का सामान रखा हुआ था। उस फ्लोर में आग लगने से धीरे-धीरे वह पूरे फैक्ट्री में फैल रही थी। लेकिन समय रहते फायर विभाग ने आग पर काबू पा लिया। आग इतनी भयानक थी की तकरीबन एक किलोमीटर दूर से आसमान की तरफ धुआं उठता हुआ दिखा। फजलगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत पेंट की फैक्ट्री में शनिवार दोपहर तकरीबन 12:30 बजे आग लग गई। फैक्ट्री के टॉप फ्लोर से धुआं उठते देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया। उस वक्त फैक्ट्री में कर्मचारी भी मौजूद थे।

# पति समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

## दहेज में कार न मिलने पर विवाहिता की हत्या खुलासा, मर्डर को एक्सीडेंट बनाने की कोशिश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, दहेज की मांग को लेकर एक महिला की निर्मम हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में पति समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। फरह थाना क्षेत्र के पिलुआ सादिकपुर गांव निवासी भगवान सिंह ने अपनी दो बेटियों की शादी शेरगढ़ के भोगांव गांव में की थी। दोनों बेटियों की शादी में उन्होंने एक वैगनआर कार दी थी। शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल वाले दूसरी कार की मांग करने



लगे। मांग पूरी न होने पर छोटी बेटी पूजा को प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोपी पति विष्णु ने अपने साथियों के साथ मिलकर पूजा को कार में ले गया। जैंत थाना क्षेत्र में उसके सिर पर हथौड़े से वार किया और गला घोंट दिया। इसके बाद चलती कार से उसे फेंक दिया, ताकि मौत को एक्सीडेंट का रूप दिया जा सके। मृतका के परिजनों को शक होने पर पोस्टमार्टम कराया गया। रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि पूजा की हत्या गला घोंटकर और सिर पर हथौड़े से वार कर की गई। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने विष्णु, हेमंत और तारा चंद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बैगनआर कार , हथौड़ा, खून से सने कपड़े और मृतका की चप्पल भी बरामद की है।

स्वामी, प्रकाशक मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० 544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डी माहपे नवी मुंबई ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935, 9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी